# पलामू में पहली बार एक साथ 13 साइबर अपराधी पकड़े गये

- मोबाईल, लैप टॉप, कंप्यूटर व अन्य सामान पुलिस ने किया जब्त
- ऑन लाईन बेटिंग ऐप्प के माध्यम से लोगों को ठगी का शिकार बनाते थे : एसपी रीष्मा रमेसन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** साइबर अपराधियों का शिकार आये दिन कोई न कोई व्यक्ति होता ही रहा है लेकिन साइबर अपराधी पुलिस के पकड़ से बचते रहे। पलामू में भी साइबर अपराधियों के जाल में कई लोग फंस चुके हैं। जिसकी सूचना साईबर थाना को दी गयी है। इसी बीच पलामू जिला में साईबर अपराधियों का एक बहुत बड़ा रैकेट सदर थाना क्षेत्र के चियांकी में सक्रिय था। जिसे गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। यह पलामू जिला के लिए एक बहुत बड़ी सफलता पुलिस को हाथ लगी है।

**क्या बोलीं एसपी :** इस संबंध में पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने प्रेस वार्ता कर बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त थी कि सदर थाना क्षेत्र के चियांकी में राधिका निवास में साईबर अपराधी किराये पर मकान लेकर मोबाईल ऐप्प के माध्यम से सट्टा जुआ का धंधा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त कर छापेमारी की कार्रवाई की गयी। जिसमें 13 साईबर अपराधी पकड़े गये। जो विभिन्न जिला एवं राज्य के निवासी हैं। ये सभी अपराधी वेतनभोगी हैं। इसका संचालनकर्ता रांची का है। जो फरार है उसकी गिरफ्तारी भी बहुत जल्द की जायेगी। एसपी ने बताया कि आईटी एक्ट एवं 11 बंगाल गेंबलिंग एक्ट के तहत सभी पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। इन लोगों के पास से 30 मोबाईल, पांच लैप टॉप, सीम कार्ड पांच पीस, कंप्यूटर सेट समेत अन्य सामान जब्त किया गया है।



गिरफ्तार अपराधियों को मीडिया के समक्ष प्रस्तुत करते प्रशासनिक अधिकारी।

उन्होंने कहा कि ये सभी साईबर अपराधी ऑन लाईन बेटिंग ऐप्प के माध्यम से लोगों को जोड़ते थे। पैसों की लेन देन ऑन लाईन ही करते थे। इस घटना की जांच में और कई तरह के खुलासे हो सकते हैं कि पलामू जिला में कितने लोगों को ठगी का शिकार बनाया गया है। उन्होंने कहा कि मुकेश कुमार पिता भुनेश्वर महतो ग्राम तलसा सिमरिया चतरा का निवासी है। जबकि आनंद कुमार पिता नवीन कुमार सिन्हा ग्राम नावाटोली महावीर नगर अरगोड़ा रांची, राजेश कुमार पिता शीतल यादव ग्राम मुरपा थाना मांडू रामगढ़, रोहित कुमार सोनी पिता ओमप्रकाश सोनी ग्राम दीपनगर रातू रांची, अमित कुमार पिता राम ओझा ग्राम यमुना स्टोर हरमू अरगोड़ा रांची, ऋषि राज सिंह पिता हरिश कुमार सिंह ग्राम कबीरपुर सिवान बिहार, अविनाश कुमार पिता स्व ओमप्रकाश ग्राम राउत देवरिया यूपी, सुशील कुमार सोनी पिता विशेश्वर प्रसाद सोनी ग्राम चटी बरियातू हजारीबाग, विकास कुमार प्रजापति पिता पारसनाथ प्रजापति ग्राम जमूने कुंहार टोला सदर थाना पलामू, विकास कुमार महतो पिता कारीनाथ महतो, पिंटू कुमार पिता राजेश महतो ग्राम बांसडीह चरही हजारीबाग, मनीष कुमार पिता शिवदेव महतो ग्राम जोरदाग हजारीबाग, नीरज कुमार पिता भुनेश्वर साव ग्राम जोदाग थाना केरेडारी हजारीबाग का रहनेवाला है। ये सभी चियांकी में ऑन लाईन के माध्यम से साईबर ठगी का कारोबार कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस घटना की जांच पूरी गहनता के साथ की जायेगी। इसमें शामिल सभी लोगों को गिरफ्तार अविलंब किया जायेगा। छापेमारी दल में सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय, पुअनि श्याम जय कुमार सिंह, सअनि नबी अंसारी, हवलदार कार्तिक उरांव, आरक्षी मुन्ना कुमार, हृदयानंद, निरंजन कुमार, गोरख मेहता समेत अन्य शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**हरिहरगंज पलामू।** पिपरा थाना क्षेत्र के अंधारीबाग गांव में छापेमारी कर पुलिस ने एक पुराने मामले में फरार वारंटी रंजीत कुमार को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया है। इस संबंध में थाना प्रभारी बिमल कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त वर्ष 2018 में हुए मारपीट के एक मामले में आरोपी था। उसपर न्यायालय द्वारा वारंट निर्गत किया गया। इसके बावजूद उक्त अभियुक्त फरार चल रहा था।

### बैंक की सुरक्षा पर शाखा प्रबंधक गंभीर



**पंडवा, पलामू।** थाना प्रभारी चंद्रशेखर यादव की अध्यक्षता में बैंक की सुरक्षा को लेकर बैठक हुई। अध्यक्षता करते हुए थाना प्रभारी ने एसबीआई पंडवा शाखा प्रबंधक उमेश मेहता, झारखंड ग्रामीण बैंक राजहरा शाखा की सरोज कुमारी, पंडवा शाखा के बैंक मैनेजर अभिषेक तिवारी से परिचय के बाद बैंक में होने वाली समस्याएं जानी। बैंक के सभी अधिकारियों ने एक स्वर में कहा कि वर्तमान समय में बैंक में डकैती को लेकर सुरक्षा मुहैया करायें। साथ ही बैंक में सुरक्षा गार्ड नहीं रहने से होनेवाली परेशानियों को भी बताया। मौके पर पंडवा थाना के अवर निरीक्षक विजय प्रसाद मेहता भी उपस्थित थे।

### स्वीप कार्यक्रम : क्रिकेट मैच का शुभारंभ



**मेदिनीनगर।** स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से स्थानीय पुलिस लाइन स्टेडियम में शनिवार को दो दिवसीय क्रिकेट मैच का उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने हवा में गुब्बारे उड़ा कर क्रिकेट मैच का शुभारंभ किया। उन्होंने सभी को मतदाता प्रतिज्ञा दिलाकर मतदान को प्रेरित किया। समाचार लिखे जाने तक पुलिस की टीम पर नेहरू युवा केंद्र की टीम भारी पड़ रही थी।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में तीन दिवसीय वार्षिक कार्यशाला प्रारंभ



**पाटन पलामू।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर मेदिनीनगर में विद्या भारती संस्थान रांची के निर्देशन में त्रिदिवसीय वार्षिक कार्यशाला की गयी। जिसका शुभारंभ प्रमंडलीय सचिव राजीव रंजन व प्राचार्य दुर्गेश रंजन सिन्हा ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मियों को सत्र 2024-25 में आयोजित होने वाली कार्यक्रम की रुपरेखा व पठन-पाठन से संबंधित जानकारी दी जायेगी। सचिव राजीव रंजन ने शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मियों को कहा कि शिक्षा से बढ़कर कोई दान नहीं है। आप सभी पुनित कार्य में लगे हुए हैं। इसमें विद्यालय के सभी आचार्य, दीदी व शिक्षकेतर कर्मी मौजूद थे।

### तिलक-दहेज की प्रथा खत्म हो: नामधारी



**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड के सोकरा में हो रहे 35वें श्रीरामचरितमानस नवाह्नपरायण महायज्ञ का उद्घाटन झारखंड विधानसभा के प्रथम अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी ने किया। श्री नामधारी ने श्रोताओं व यज्ञ के प्रवचनकर्ता से आग्रह किया कि वे भारतीय समाज में चल रहे तिलक दहेज की आंधी को रोकने का उपाय खोजें। पैसा तय करके शादी करने से भारत की संस्कृति का अपमान होता है। कार्यक्रम में मुखिया नीतीश सिंह, महायज्ञ समिति के अध्यक्ष ब्रजभूषण चौबे, चंदन तिवारी, राजकिशोर ठाकुर, प्रफुल्ल उपाध्याय, राज कुमार वर्मा, मुंशी साव, सुरेश सिंह, नंदलाल सिंह, सुरेश चौबे, निरंजन सिंह , राजेश ठाकुर व कई लोग शामिल थे।

### धूमधाम से मनेगा राम जन्मोत्सव



**मेदिनीनगर।** विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की जिला बैठक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मेदनी नगर के सभा कक्ष में हुई। जिसमें विहिप के झारखंड प्रांत मंत्री मिथलेश मिश्र का मार्ग दर्शन मिला। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 09 से 24 अप्रैल तक राम जन्मोत्सव और हनुमान जयंती मनाया जायेगा। षष्ठी पूर्ति वर्ष में ज्यादा महिलाओं को संगठन से जोड़ा जायेगा। 08 अप्रैल तक विभिन्न प्रखंडों में जिले के पदाधिकारी की देखरेख में बैठक की जायेगी। जिला में कम से कम 500 जगहों पर कार्यक्रम करना है। सेवा विभाग को अपना कार्य संचालन सुचारु रूप से निरंतर करना चाहिए। बैठक में विभाग अध्यक्ष शिव प्रकाश, विभाग मंत्री कुमार गौरव, विभाग सह मंत्री महेंद्र नाथ, जिला उपाध्यक्ष अनामिका सिंह, बजरंग दल जिला संयोजक संदीप गुप्ता, सह मंत्री अमित तिवारी, नगर बजरंग दल संयोजक दिलीप गिरी, जिला सेवा प्रमुख गोपाल तिवारी, समरसता सह प्रमुख रवि तिवारी, उपेंद्र कुमार, हिमांशु पांडेय, रामब्रत सिंह शामिल थे।

### अनुभवात्मक शिक्षण पद्धति अपनाने पर चर्चा



**मेदिनीनगर।** डीएवी सीएई ने एमके डीएवी डालटेनगंज में आयोजित त्रिदिवसीय कार्यशाला का दूसरा दिन सत्र गायत्री मंत्र पाठ के साथ प्रारंभ हुआ। ईईडीपी में प्रथम सत्र गेम्स एंड पेयर वर्क एक्टिविटीज पर आधारित था। इसमें प्रियंका एमके डीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज की शिक्षिका ने छोटे बच्चों के बीच क्रियाकलाप आधारित शिक्षण के तरीके बतायें। दूसरे सत्र में हैप्पी क्लासरूम विषय पर हर्षिता मैंम डीएवी गुमला ने कक्षा कक्ष को रोचक एवं बाल मन हेतु प्रभावी शिक्षण पर प्रायोगिक रूप से विस्तृत चर्चा की।

## रामनवमी जेनरल चुनाव का विवाद एसडीओ अनुराग तिवारी ने सुलझाया

# पुरानी कमेटी ही करेगी काम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रामनवमी उत्साह पूर्वक एवं आपसी सौहार्द के साथ मनाने के लिए प्रत्येक वर्ष जेनरल अध्यक्ष का चुनाव विभिन्न पूजा समितियां कराती हैं। इस वर्ष महावीर नवयुवक दल जेनरल का चुनाव शिवाला घाट स्थित मंदिर परिसर में कराया गया था। जिसमें दुर्गा जौहरी को अध्यक्ष चुना गया।

वहीं इसके विरोध में विभिन्न पूजा कमेटी के लोगों ने पंकज जायसवाल को अध्यक्ष चुना। इस प्रकार दो अध्यक्ष चुने जाने से मामला विवाद में फंस गया। साथ ही पूरी तरह से आपसी वैमनस्य के कारण रामनवमी फीका पड़ता नजर आने लगा। दुर्गा जौहरी जब होटल रिलेक्स इन में प्रेस वार्ता कर रहे थे, उसी बीच विरोधी गुट के पंकज जायसवाल के समर्थक पहुंच काफी विवाद खड़ा किये। जिसमें पुलिस एवं जिला प्रशासन को हस्तक्षेप करना पड़ा।

इस मामले की पटाक्षेप करने के लिए सदर सीओ अमरदीप बल्होत्रा ने दोनों गुट को सदर एसडीओ के नेतृत्व में बैठक कर सुलझाने को कहा। जिस पर दोनों सहमत हो गये। शनिवार को सदर एसडीओ कार्यालय वेश्म में दोनों गुट के लोगों के साथ बैठक की गई।

बैठक में दोनों गुट के लोग अपना अपना पक्ष रखा। जिस पर एसडीओ अनुराग तिवारी ने दोनों को आपसी सहमति बनाकर पर्व को शांतिपूर्व मनाने का नसीहत दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि चुनाव को लेकर आदर्श आचारसंहिता लागू है। इसे ध्यान में रखते हुए सभी लोग किसी भी प्रकार के विवाद में न फंसे। जिससे प्रशासन को कोई कानूनी कार्रवाई करना पड़ जाये। उन्होंने कहा कि पुराना कमिटी के जो अध्यक्ष युगल किशोर हैं उन्हीं के नेतृत्व में इस बार का रामनवमी पर्व मनायें। दोनों गुट अपने अनुसार चार-चार लोगों का नाम देकर कमिटी में शामिल हों। जिसकी सूचना शहर थाना, सदर सीओ व एसडीओ कार्यालय को समर्पित करें।



चुनाव का विवाद सुलझाने को लेकर जुटे लोग।

# लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर सिगसिगी में भव्य कलश यात्रा

- यज्ञ से क्षेत्र में शांति और समृद्धि आती है : बीडी राम
- सांसद, भाजपा कार्यसमिति सदस्य सहित काफी संख्या में शामिल हुए श्रद्धालु

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर /उंटारी रोड।** सिगसिगी में लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर भव्य कलश निकाला गया। कलश शोभा यात्रा की शुरूआत सिगसिगी यज्ञ स्थल से हुआ। कलश शोभा यात्रा को पलामू सांसद बी डी राम, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी, आचार्य विष्णुचित जी महाराज, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय व समिति के अध्यक्ष अनुज कुमार चौधरी ने संयुक्त रूप से भगवा झंडा दिखा कर रवाना किया। मौके पर सांसद श्री राम ने कहा कि यज्ञ के हवन से निकले धुआं से वातावरण शुद्ध होता है। धार्मिक आयोजन में सभी को शामिल होने की जरूरत है। कहा कि धार्मिक आयोजन से क्षेत्र में शांति व समृद्धि आती है। कलश शोभा यात्रा गाजे बाजे के साथ रेलवे स्टेशन होते हुये कोयल नदी तट पहुचा, जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश में जल भरा गया। इसके बाद नगर भ्रमण करते हुये यात्रा वापस यज्ञशाला परिसर पहुंचा, जहां पूरे विधि विधान से कलश की स्थापना करायी गयी। साथ ही धार्मिक अनुष्ठानों के बीच मंडप प्रवेश तथा अग्नि मंथन का अनुष्ठान भी हुआ। कलश यात्रा में रथ पर झांकी भी प्रदर्शित की गई। यज्ञ समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि 31 मार्च से 5 अप्रैल तक संध्या से लेकर रात 11 बजे तक संत विष्णुचित महाराज के सान्निध्य में भागवत कथा व प्रवचन होगा।



कलश यात्रा में शामिल सांसद व अन्य लोग।

# पूर्व कांग्रेस नेता राज मोहन पोलू हत्या कांड का हुआ खुलासा, तीन गिरफ्तार

- पूरी प्लानिंग के तहत की गयी थी हत्या : एसपी रीष्मा रमेसन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम शाहपुर में 27 मार्च को आपसी विवाद में दो लोगों की हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान करते हुए 48 घंटे के अंदर मामले का खुलासा किया। इस कांड में शामिल तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही हत्या में उपयोग किया गया सामान भी जब्त हुआ है। पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने प्रेस वार्ता कर बताया कि 27 मार्च को दोहरे हत्याकांड का अंजाम दिया गया था जिसमें पुलिस ने तीव्र गति से अनुसंधान कर तीन लोगों को गिरफ्तार की है।



इसमें रवि चंद्रवंशी उर्फ रवि राम पिता स्व गणेश चंद्रवंशी, राहुल चंद्रवंशी पिता गणेश चंद्रवंशी, विशाल कुमार पिता मनु राम तीनों ग्राम सेमरटांड थाना चैनपुर के रहनेवाले हैं। रवि चंद्रवंशी का विवाद राजमोहन पोलू के साथ पूर्व से ही रहा है। जिसके प्रतिशोध में प्लान के तहत इस कांड को अंजाम दिया गया है।

# शहरी जलापूर्ति योजना कार्य धीमी, 31 हजार शहरवासियों को होगी जल संकट

**गौतम पटेल**

**हुसैनाबाद पलामू।** शहरी क्षेत्र में निवास करने वाले लगभग 31 हजार से ज्यादा लोगों को मार्च में तपती धूप और गर्मी से जल स्तर नीचे जाने का खतरा मड़राने लगे हैं। शहर की आधी आबादी में खारा पानी है जिससे लोग सोन नदी से फिल्टर जलापूर्ति पर निर्भर हैं। वहीं अधिकारी एवं कर्मियों के लापरवाही के शहर को माह में 30 दिन एक टाईम का पानी उपलब्ध नहीं हो पाता है। वहीं शहरी व नगर विकास विभाग के तत्कालीन सचिव विनय चौबे के निर्देश पर झारखंड शहरी जलापूर्ति उन्नयन परियोजना के अंतर्गत जुडको लिमिटेड द्वारा एशियाई विकास बैंक के वित्त पोषण से



शहरी जलापूर्ति योजना का कार्य चल रहा है। किंतु योजना की धीमी रफ्तार ने हुसैनाबाद शहर के हर घर को शुद्ध एवं स्वच्छ जल आपूर्ति करने विलंब हो रही है। केंद्र सरकार के वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामले विभाग के अपर सचिव, राज्य सरकार के नगर विकास विभाग ने सूडा निदेशक सह परियोजना निदेशक, एशियन विकास बैंक एवं जुडको के उप परियोजना निदेशक द्वारा सितंबर 2021 में एक समझौते पर हस्ताक्षर किया था।

### कांग्रेस प्रदेश सचिव की बोर्ड लगी गाड़ी पर मुकदमा

**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद सीओ सह निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी पंकज कुमार ने प्रदेश सचिव कांग्रेस पार्टी के नेम प्लेट बोर्ड लगे वाहन पर हुसैनाबाद थाना में केस दर्ज कराया है। जानकारी के अनुसार हुसैनाबाद के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता धनंजय तिवारी अपनी गाड़ी पर पूर्व से प्रदेश सचिव कांग्रेस कमेटी झारखंड के नेमप्लेट बोर्ड लगाये थे, जो शनिवार को करीब 1 बजे दोपहर अपनी बेटी के साथ कुछ जरूरी कागजात बनवाने अनुमंडल कार्यालय हुसैनाबाद पहुंचे। जिसके बाद उक्त बोर्ड लगी गाड़ी की शिकायत की ध्यानाकर्षण कोई एसडीओ से कर दिया। तुरंत एसडीएम पीयूष सिन्हा के निर्देश पर सीओ सह निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी पंकज कुमार ने उक्त गाड़ी के फोटो खींच कर आदर्श आचार संहिता उलंघन के मामले में हुसैनाबाद थाना में मामला दर्ज करा दिया।

### न्यायालय ने पंचायत सचिव विकास को किया रिहा



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश छह सह विशेष न्यायाधीश निगरानी पलामू ने एसीबी केस 5/2018 में साक्ष्य के अभाव में पंचायत सचिव विकास कुमार को रिहा कर दिया है। मालूम हो कि वर्ष 2018 में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पलामू ने लातेहार जिला के 14वें वित्त से नावडीह ग्राम में समुदायिक भवन मरम्मत के नाम पर चुकुरू पंचायत के पंचायत सचिव विकास कुमार को 14000 रुपये रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया था जिसके तहत वाद संख्या 4/18 दर्ज किया गया था। न्यायालय ने सरकार और अभियुक्त के अधिवक्ता राहुल सत्यार्थी की बहस सुनने के बाद उन्हें रिहा कर दिया।

# आठ अप्रैल को सुबह 7 बजे निकलेगी कलश यात्रा

- महावीर जी भवन में रामचरित मानस नवाह यज्ञ समिति ने की बैठक, तैयारी पर हुई चर्चा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** श्री श्री राम चरित्र मानस नवाह परायण यज्ञ कराने एवं तैयारी को लेकर समिति के पदाधिकारियों ने बैठक की। बैठक की अध्यक्षता राकेश कुमार तिवारी ने की। बैठक में बारी बारी से सभी सदस्यों ने आयोजन एवं सफलता पर अपने अपने विचार व्यक्त किये। बैठक में अध्यक्ष श्री तिवारी ने कहा कि चैत्र माह के यह नवरात्र महावीर जी भवन में यह तृतीय वर्ष हैं जिसे हमलोग धूमधाम से मनायेंगे। वहीं कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार की गई जिसमें 8 अप्रैल को सुबह 7 बजे महावीर जी भवन से कलश सह शोभायात्रा निकाली जाएगी जो देवरी सोन नदी से जल लाकर कलश स्थापित करने की बात कही।



### लोक अदालत में 50 मामले का निपटारा

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में व प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में व्यवहार न्यायालय परिसर में शनिवार को मासिक लोक अदालत लगी। इसमें सुलह समझौता के आधार पर 50 मामले का निस्तारण किया गया। 16 लाख 39 हजार 200 रुपये का मामला सेटल हुआ। उक्त जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के प्रभारी सचिव रीतू कुजूर ने दी। लोक अदालत में मामले निस्तारण को ले नौ पीठों का गठन किया गया।

# हथियार रखने और बेचने के आरोप में दो गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पांडू पलामू।** पांडू प्रखंड के पंचायत तिसिबार के ग्राम दरूवा में गुप्त सूचना के आधार पर पांडू थाना प्रभारी कुमार गौरव के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी किया गया। पांडू पुलिस ने छापामारी कर हथियार रखने व बेचने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने पांडू थाना क्षेत्र के दरूआ निवासी कलीम अंसारी पिता नवाब अंसारी के पास से एक लोहे का निर्मित देशी कट्टा बरामद किया है। जिसे



अभियुक्त चंदन विश्वकर्मा उर्फ बाबू लोहार पिता स्व उपेंद्र विश्वकर्मा विश्रामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गौरा निवासी से बेचा था। पुलिस ने हथियार रखने व बेचने के आरोप में दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने पांडू थाना में दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज किया है।

### आजसू पार्टी की प्रमंडलीय समीक्षात्मक बैठक संपन्न



**मेदिनीनगर।** आजसू पार्टी पलामू प्रमंडल की बैठक होटल रिभर ब्यू में हुई। मुख्य अतिथि पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत का बिरसा चौक चियांकी में जोरदार स्वागत किया गया। बैठक में गढ़वा लातेहार व पलामू जिला की वर्तमान सांगठनिक स्थिति पर चर्चा की। डॉ भगत ने कहा कि लोकसभा चुनाव में झारखंड के 14 सिट पर एन डीएनए जबर्दस्त जीत हासिल करेगी। कार्यकर्ताओं से कहा कि जल्द पंचायत कमेटी, ग्राम कमेटी बनाकर मिशन 24 की सफलता के लिए अग्रणी भूमिका अदा करें। कार्यक्रम में पूर्व डीआईजी व पार्टी के केंद्रीय महासचिव संजय रंजन को बुके देकर स्वागत किया गया। बैठक में रांची से आये जितेंद्र सिंह शैलेंद्र सिंह, छोटन का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में शिव पूजन मेहता, गढ़वा जिला प्रभारी सतीश कुमार, इम्तेयाज अहमद नजमी, विकेश शुक्ला, शंकर विश्वकर्मा, दशरथ चौधरी, अमित कुमार, जितेंद्र सिंह, अमित पांडेय, पंकज तिवारी, दीपक शर्मा थे।

# एग्री स्मार्ट ग्राम रजडेरवा के 100 किसानों के बीच बंटा फसल किट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा।** प्रखंड कार्यालय परिसर में शनिवार को एग्री स्मार्ट ग्राम रजडेरवा के 100 किसानों के बीच फसल किट का वितरण किया गया। इस दौरान प्रखंड कृषि पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि बारी ग्राम पंचायत के रजडेरवा गांव एग्री स्मार्ट ग्राम के तहत चयनित गांव है जहां कृषि विभाग के द्वारा खेती-बाड़ी से जुड़े हर एक सुविधा किसानों को पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है ताकि किसान उन्नत खेती करके आर्थिक रूप से मजबूत हो सके।



किसानों के बीच फसल किट का वितरण करते लोग।

**खास बातें :** श्री कुमार ने कहा कि गांव के 100 किसानों को 12-12 का बैच बनाकर सब्जी वर्गीय फसल मिनी किट दिया जा रहा है। जिसमें बीज (बैंगन, लौकी, भिंडी, टमाटर तथा फ्रेंच वीन) खाद तथा दवाइयां शामिल है उन्होंने बताया कि यह सभी रसायन मुक्त हैं जबकि बीटीएम वरुण सिंह यादव ने बताया कि सरकार के कृषि विभाग के द्वारा किसानों के सहयोग के लिए समय-समय पर कई प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है ताकि किसानों को खेतीबाड़ी करने में परेशानियों का सामना ना करना पड़े इसी के तहत किसानों के बीच गरमा मूंग की बीज भी वितरण किया जा रहा है। मौके पर बीपीआरओ सुरेश ठाकुर, कृषि मित्र घनश्याम साव, किसान विनोद मेहता, सीमा देवी, सुनीता देवी, सुलोचनी कुंवर, सुदीप चौधरी, लीलावती देवी, शर्मिला कुंवर, संजय चौधरी, केश्वर चौधरी, उमेश उरांव, सुदेश्वर चौधरी, विनय चौधरी समेत कई किसान मौजूद थे।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला की वार्षिक परीक्षा 2023-24 के परिणामों की हुई घोषणा

## परीक्षा ही सफलता की कुंजी है : रंजीत कुमार सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** शहर के जपला धरहरा मोड़ के समीप विद्या भारती द्वारा संचालित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला में शनिवार को कक्षा-अरुण से नवम तक के छात्र-छात्राओं का वार्षिक परीक्षा 2023-24 का परिणाम एवं पुरस्कार वितरण समारोह किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्राचार्य रंजीत सिंह, विद्यालय समिति के अध्यक्ष डॉ शिवप्रसाद मेहता, संरक्षक चंद्रेश्वर प्रसाद, उपाध्यक्ष सत्येंद्र चंदेल, प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय, भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय गुप्ता ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती व भारत माता के तस्वीर पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रंजीत कुमार सिंह ने छात्र-छात्राओं को कहा कि विषम परिस्थितियों में भी छात्रों ने अध्ययन करके अपने भविष्य का निर्माण किया हैं ऐसे छात्र निश्चित तौर पर सफलता के लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। परीक्षाफल विद्यालय का दर्पण होता है। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य कुश पाण्डे सभी विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कक्षा -अरुण से नवम में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को सफल होने की घोषणा की।




परीक्षा परिणाम की घोषणा के दौरान उपस्थित लोग।

# बोकारो : बालीडीह औद्योगिक क्षेत्र में नकली शराब फैक्ट्री हुई सील

## उत्पाद व मद्य निषेध विभाग के सचिव ने किया निरीक्षण



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** जिले के बालीडीह थाना क्षेत्रान्तर्गत औद्योगिक क्षेत्र में नकली शराब बनाने वाली फैक्टरी के सील होने के पश्चात राज्य सरकार के उत्पाद व मद्य निषेध विभाग के सचिव मुकेश कुमार यहां पहुंचे। उन्होंने पानी की आड़ में नकली शराब बनाने वाली इस फैक्ट्री का जायजा लिया। सचिव मुकेश कुमार ने निरीक्षण के दौरान इसे बेहद संगीन मामला बताया और कहा कि जल्द ही पूरे रैकेट का पर्दाफाश किया जाएगा। इस गोरखधंधे में जो भी शामिल हैं कोई नहीं बचेंगे। मौके पर पुलिस आईजी उत्तरी छोटानागपुर प्रक्षेत्र डा माइकल राज एस डीईओ सह उपायुक्त विजया जाधव एसपी पूज्य प्रकाश संयुक्त निदेशक उत्पाद एसडीओ चास ओपी गुप्ता सहायक उत्पाद आयुक्त समेत अन्य पदाधिकारी आदि उपस्थित थे। सचिव कुमार ने कहा कि यह एक स्रोत केंद्र है, जो अवैध रूप से शराब का निर्माण कर बाजार में नामी ब्रांडों के नाम से विदेशी शराब का खेल चल रहा था। इसमें कोई बड़ा गिरोह शामिल होगा। इसके पूरे रैकेट की जांच गंभीरता से की जा रही है। पानी फैक्ट्री की आड़ में यह अवैध कारोबार हो रहा था। यहां 05 हजार क्षमता वाली 16 टैंक मिले हैं जिसमें 07 हजार लीटर तैयार शराब 20 हजार लीटर स्पिरिट है। वहीं विभिन्न ब्रांडों के जाली स्टीकर/होलो ग्राम खाली बोतल विभिन्न राज्यों से संबंधित जाली क्यूआर कोड बोटलिंग और रिफिलिंग मशीन प्लास्टिक बोतल कार्टून कैपिंग मशीन आदि सामान मिले हैं। देखने से यह प्रतीत हो रहा है कि यह धंधा काफी दिनों से चल रहा था। इस फैक्ट्री को सील कर दिया गया है। मौके पर एसपी पूज्य प्रकाश ने कहा कि इस अवैध फैक्ट्री का उद्भेदन आदर्श आचार संहिता के अनुपालन कार्रवाई के दिशा में बड़ी उपलब्धि है। फैक्ट्री संचालक एवं इस कारोबार में संलिप्त सभी आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस को जल्द सफलता प्राप्त होगी। आगे भी अभियान चलाकर ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।

# बोकारो में जातिगत, क्षेत्रीयता से ऊपर उठकर सरयू राय को समर्थन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो शहर के स्थानीय सेक्टर 12 में महाराणा प्रताप विचार मंच के बैनर तले आयोजित एक बैठक में अवधेश यादव पीएन पांडेय जमुना सिंह लाल सिंह सहित सभी लोगों ने धनबाद संसदीय क्षेत्र हेतु जातिगत दलगत व अन्य सीमित सोच से ऊपर उठकर क्षुद्र मानसिकता को त्यागते हुए किसी मजबूत व्यक्तित्व के प्रत्याशी के समर्थन एवं मौजूदा भाजपा प्रत्याशी के विरुद्ध अपने जोशीले विचार व्यक्त किये। सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय पीएन पांडेय और मंच के अध्यक्ष उदय कुमार सिंह सहित सभी वक्ताओं ने धनबाद संसदीय क्षेत्र के विकास व आपराधिक कृत्यों से आम जन की सुरक्षा के मद्देनजर जमशेदपुर के विधायक सरयू राय के नेतृत्व में आस्था प्रकट की। बतौर मुख्य अतिथि सरयू राय ने विगत दिनों के घटनाक्रमों का विस्तार से जिक्र करते हुए कहा कि वे यहाँ की जनता की आवाज सुनने व विचार से रूबरू होने के लिए आए हैं किसी चुनावी अभियान हेतु नहीं। उन्होंने आपराधिक चरित्र के वर्तमान प्रत्याशी के विरुद्ध 49 केसों एवं उनमें 4 में सजा का जिक्र करते हुए जन समुदाय को आश्वस्त किया कि अन्य राजनीतिक दलों के किसी मजबूत प्रत्याशी के अभाव में वे यहाँ की जनता की भावनाओं का कद्र करने को प्रतिबद्ध हैं। कार्यक्रम का संचालन तरुण सिंह ने एवं धन्यवाद ज्ञापन मंच के अध्यक्ष उदय सिंह ने किया। मौके पर मंच के सदस्यगण नागरिक समिति के लोग भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एक नजर में

### साध्वी समणी मधुर प्रज्ञा ने अपने प्रवचन में उकेरा जीवन के मर्म की तस्वीर



बोकारो। चास के श्री मानक चंद छल्लाणी जी निवास स्थान में चल रहे जैन श्वेतांबर तेरापंथ समाज के आध्यात्मिक कार्यक्रम में समणी मधुर प्रज्ञा जी ने जैन धर्म में 24 तीर्थंकरों के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि तीर्थंकर का अर्थ है तारने वाला। तीर्थंकर को अरिहंत कहा जाता है। मूलतः यह शब्द अर्हत पद से संबंधित है। अरिहंत का अर्थ होता है जिसने अपने भीतर के शत्रुओं पर विजय पा ली। ऐसा व्यक्ति जिसने कैवल्य ज्ञान को प्राप्त कर लिया। अरिहंत का अर्थ भगवान भी होता है। तीर्थंकर मनुष्यों की तरह पैदा हुए थे और आत्म बोध के माध्यम से जब वे ज्ञान प्राप्त करते हैं तो जैन धर्म में वे भगवान हो जाते हैं क्योंकि उन्होंने निर्वाण प्राप्त कर लिया है। तीर्थंकरों का आध्यात्मिकता का अंतिम स्तर जिना है। उनका मानना है कि जिना जन्म और पुनर्जन्म के चक्र से मुक्त हो चुके हैं। इसलिए, तीर्थंकर अमर हैं। वे पवित्र आत्माएं हैं और जैन धर्म में भगवान हैं और उनकी मूर्तियों को अपने मंदिरों में रखते हैं। उन्होंने कहा कि प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव थे। कुलकरों की कुल परंपरा के सातवें कुलकर नाभिराज और उनकी पत्नी मरुदेवी से ऋषभदेव का जन्म चैत्र कृष्ण की अष्टमी नवमी को अयोध्या में हुआ था। उनके बाद क्रमशः अजितनाथ सम्भवनाथ अभिनंदन जी सुमतिनाथ जी पद्मप्रभु जी सुपार्श्वनाथ जी चंदाप्रभुजी सुविधिनाथ शीतलनाथ जी श्रेयांसनाथ वासुपूज्य जी विमलनाथ जी अनंतनाथ जी धर्मनाथ जी शांतिनाथ कुंथुनाथ अरनाथ जी मल्लिनाथ जी मुनिसुव्रत जी नमिनाथ जी अरिष्टनेमि जी और पार्श्वनाथ हुए। चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी थे। प्रवचन के मौके पर माणिक छल्लानी जयचन्द राजेश कोठारी मदन चौरड़िया शांति लाल विनोद चोपड़ा कनक जैन ललिता चोपड़ा सरोज छल्लानी आदि मौजूद रहे।

### सिविल सर्जन ने सदर अस्पताल का किया निरीक्षण नदारत रहे कर्मी को लगाई फटकार



साहिबगंज। जिले के सदर अस्पताल का उर अरविंद कुमार ने अचौक निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल में एडमिट मरीजों से मिल उनका स्वास्थ्य, हाल-चाल के बारे में जाना। साथ ही ओपीडी, आइपीडी ब्लड बैंक का भी निरीक्षण किया। इस दौरान ड्यूटी रजिस्टर की बरीकी से जांच पड़ताल किया। निरीक्षण के दौरान कई स्वास्थ्य कर्मी नदारत रहे। अस्पताल में स्वास्थ्य कर्मी नदारत रहने पर कई लोगों को फटकार लगाई। सिविल सर्जन ने कहा कि मरीज के साथ खिलवाड़ करने वाले पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी अपने समय पर ड्यूटी करे। डॉक्टर स्वास्थ्य कर्मी अल्ले को फटकार लगाते हुए कहा मरीज को बेहतर से बेहतर सुविधा दें। इधर अस्पताल में साफ सफाई रखने को लेकर विशेष ध्यान देने की बात कही वहीं आगे बताया कि कई स्वास्थ्य कर्मी अस्पताल में ड्यूटी से नदारत थे। निरीक्षण के दौरान ही ड्यूटी पर आ गए थे जिन्हें हिदायत दी गई की दोबारा ऐसा करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### प्रबंधन से वार्ता के बाद विस्थापितों का आंदोलन स्थगित



बेरमो। सीसीएल बीएंडके प्रक्षेत्र के कारो परियोजना के विस्थापित परिवारों ने बकाया नौकरी, मुआवजा सहित अन्य मांगों को लेकर शनिवार की सुबह परियोजना का उत्पादन एवं ट्रांसपोर्टिंग बंद कर दिया। यहां विस्थापित सोहनलाल मांझी व हेमलाल महतो, संजय गंझू, अजय गंझू, सोहनलाल मांझी व हेमलाल महतो ने कहा कि हमलोग हमेशा माइंस संचालन में सहयोग करते आ रहे हैं, लेकिन प्रबंधन हम विस्थापितों के प्रति ध्यान नहीं दे रही है। केवल आश्वासन देकर अपना काम निकाला चाहती है। बंदी की सूचना मिलते ही कारो परियोजना पीओ शंभू झा व अन्य अधिकारी पहुंचे और आंदोलनकारी से बात करते हुए उनकी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया।

### गोमिया पुलिस की छापेमारी मे हुआ खुलासा चल रहा था देह व्यापार का धंधा




**बेरमो/गोमिया।** गोमिया मोड़ के समीप स्थित राजस्थान लॉज में शुक्रवार को देर शाम पुलिस छापेमारी के दौरान अवैध देह व्यापार का मामला का मामला उजागर हुआ है। शनिवार को गोमिया थाना में पुलिस इंस्पेक्टर महेश प्रसाद सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि गोमिया मोड़ के आसपास स्थित होटल में अवैध देह व्यापार का धंधा चल रहा है। इसकी सूचना अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को देते हुए उनके निर्देश पर छापेमारी दल का गठन किया गया। जिसमें पुलिस निरीक्षक महेश प्रसाद सिंह, आइइएल थाना प्रभारी प्रफुल्ल कुमार महतो, गोमिया थाना प्रभारी नित्यानंद भोक्ता, बेरमो महिला थाना प्रभारी सुमन कुमारी सहित आरक्षी बल के साथ शुक्रवार को राजस्थान लॉज में छापेमारी कर तलाशी लिया गया। जिसमें दो महिला एवं चार पुरुष कमरे में पाए गए सभी छः लोगों को गिरफ्तार कर थाना लाया गया। इन सभी से पूछताछ करने पर बताया गया कि लॉज में देह व्यापार लॉज के मालिक दिलीप साव के सहमती से होता है।इसी काम के लिए ये लोग यहां पर आए थे. इस संबंध में गोमिया थाना में लॉज मालिक दिलीप साव एवं गिरफ्तार छः व्यक्तियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। वहीं गिरफ्तार छः व्यक्तियों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन लोगो क तेनुघाट जेल भेज दिया गया। वहीं होटल संचालक फरार गया है।

### सरस्वती शिशु मंदिर में वार्षिक परीक्षा फल वितरित किया गया



**बेरमो।** जरीडीह बाजार स्थित अवध बिहारी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जरीडीह बाजार में वार्षिक परीक्षा फल वितरित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। प्रज्वलन विद्यालय के सचिव महोदय अनिल अग्रवाल, विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय कुमार पाठक के द्वारा किया गया। अनिल अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में यह कहा गया कि बच्चों के शिक्षा-दीक्षा में अभिभावक भी सहयोग करें। प्रधानाचार्य ने कहा कि बच्चे अभिभावक की छत्र-छाया में रहकर शिक्षा ग्रहण करते हैं तो आगे चलकर किसी भटकाव में नहीं पढ़ते हैं। पूर्व छात्र नीरज जी ने कहा कि अगर अभिभावक सक्रिय हो जाए तो एक समय ऐसा आएगा कि इस विद्यालय में भी बच्चों को नामांकन करने की होड़ लग जाएगी। परीक्षा प्रमुख महोदय ने बताया कि परीक्षा जीवन के हर क्षण में होती है जो अच्छे अंक प्राप्त किए हैं, वह और बेहतर करने की कोशिश करें और जिनको थोड़े कम अंक मिले हैं, वह आगे बेहतर करने की कोशिश करें। परीक्षा प्रमुख श्री महेंद्र मंडल आचार्य जी के द्वारा प्रत्येक कक्षा के प्रथम द्वितीय एवं तृतीय और इसके अलावा आदर्श भैया- बहन, सर्वाधिक उपस्थित इत्यादि बच्चों का भी पुरस्कृत किया गया। परीक्षा फल वितरण में विद्यालय के आचार्य बंधु भगिनी सुरेश आचार्य जी काजल, सुभाष, रुबीना, रीता, शकुंतला, धीरज, अरुण, सुमित, श्वेता, खुशबू, दीक्षा, पिंकी ने सहयोग दिया।

### दियारा क्षेत्र में राजमहल विधायक ने किया जनसंपर्क



साहेबगंज/ राजमहल विधायक अनन्त ओझा ने साहेबगंज सदर प्रखंड के रामपुर दियारा (टोपरा) गरम टोला, दुर्गा स्थान टोला में जनसम्पर्क करके लोगो ग्रामीणों ने संवाद किया। रामपुर दियारा टोपरा जाने के क्रम में विधायक अनन्त ओझा ने साहेबगंज-मनिहारी गंगा का पुल का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा हैं उसका जायजा भी लिया। भाजपा विधायक अनन्त ओझा ने ग्रामीणों के साथ संवाद करके केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याकारी योजनाओं से अवगत कराया। उन्होंने ने लोगो से संवाद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृव में गरीब कल्याण को लेकर अनेक योजनाएं संचालित हैं जिसके माध्यम से सीधे गरीबो को लाभ मिल रहा हैं कहा कि गरीब कल्याण योजना के माध्यम से गरीब परिवारों को मुफ्त में राशन दिया जा रहा हैं, प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से गरीबों का अपना घर का सपना साकार हो रहा हैं, उज्ज्वला योजना के माध्यम से मुफ्त में गैस सिलेंडर का लाभ दिया जा रहा हैं, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों के वर्ष 6 हजार का सहायता राशि दिया जा रहा हैं, स्वनिधी योजना के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने हेतु उन्हें स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा हैं। ऐसे अनेक योजनाएं के माध्यम से गरीबों कल्याण प्रधानमंत्री मोदी के नेतृव में हो रहा हैं। कहा कि आयोध्या में 500 वर्षो के बाद रामलला भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अयोध्या में पहले भव्य राम मंदिर निर्माण का जिक्र करते हुए कहा कि ये उनके नेतृत्व के बिना संभव नहीं था।

**प्रधानमंत्री मोदी के नेतृव में साहिबगंज में तेजी विकास हो रहा हैं : अनन्त ओझा**

राजमहल विधायक अनन्त ओझा ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि साहेबगंज मनिहारी गंगा पुल का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है.मिजाचौकी से फरक्का तक फोरलेन का काम तेजी से चल रहा हैं, राज्य की पूर्ववर्ती भाजपा सरकार में दूध डेरी का निर्माण कार्य हुआ। ऐसे अनेक योजना के माध्यम से विकास कार्य साहेबगंज में चल रहे हैं। कहा कि दियारा में भी लोगो को शुद्ध पेयजल लोगो को मिले उसके लिए हर घर नल योजना के माध्यम से शुद्ध पेयजल पहुँचाया जा रहा रहा हैं, स्वच्छ भारत अभियान के तहत बायो टॉलेट का निर्माण हो रहा है,दियारवासी का जीवन बदलने के लिए कृत संकल्पित हो कर काम कर रहा हूँ। आने वाले दिनों में दियारा में भी हर सुविधा उपलब्ध रहेगी।

## स्पीड न्यूज

### लोक अदालत में 224 वादों का निष्पादन

दुमका। मासिक लोक अदालत में 224 वादों का निष्पादन करते हुए षनिवार को तीन लाख से अधिक की वसूली हुई। इसकी जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार सचिव उत्तम सागर राणा ने बताया कि कुल 2 बेंचो का गठन किया गया। लोक अदालत में न्यायालय में लंबित वादों के अलावा जिले में स्थित विभिन्न विभागों के फौजदारी संबंधी मामलों का आपसी सुलह समझौता के आधार पर निपटारा किया गया। जिसमें बेंच नंबर-1 में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, प्रथम रमेश चंद्रा, अधिवक्ता राधे मंत्री एवं ओमीयो कुमार मांझी उपस्थित थें। बेंच नंबर 2 से मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी विश्वनाथ भगत, कार्यपालक दंडाधिकारी विनीत कुमार एवं अधिवक्ता कामोद नारायण झा उपस्थित थे। इस तरह कुल 224 वादों का निष्पादन दो बेंचों में 3,07,800 रुपये का समझौता हुआ।

### मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



दुमका। जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से शनिवार को व्यवहार न्यायालय के न्याय सदन में मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुई। जिसमें रेफरल न्यायाधीश और मध्यस्थ शामिल हुए। कार्यक्रम में प्राधिकार के पूर्व सचिव मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी विश्वनाथ भगत ने मध्यस्थता से संबंधित कार्य प्रणाली एवं उससे होने वाले लाभों से अवगत कराया। उनसे मध्यस्था की कार्रवाई में आवश्यक सहयोग प्रदान करने के लिए अनुरोध किया। उन्होंने रेफरल जजेज की मध्यस्थता के लिए रेफर किए जाने वाले प्रकरणों की कार्रवाही एवं मध्यस्थता की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी दी। प्रशिक्षित मध्यस्थों ने मध्यस्थता कार्रवाही में आने वाली समस्याओं एवं कार्य प्रणाली में सुधार किए जाने के लिए आवश्यक सुझाव प्रस्तुत किए।

### बोकारो पुलिस ने लाचार प्रसूता को पहुंचाया अस्पताल



बोकारो। बोकारो पुलिस के जवानों ने मानवता का परिचय देते हुए एक निर्धन प्रसूता की सहायता कर उसका सफल प्रसव कराया। सिटी डीएसपी आलोक रंजन के अनुसार गुरुवार रात्रि पुलिस अधीक्षक बोकारो पूज्य प्रकाश को एक संसाधनहीन प्रसूता के पैदल जाने की सूचना मिली। सूचना प्राप्त हुई कि एक महिला संसाधन के अभाव में पैदल जाते समय अमृत पार्क के पास बच्चे को जन्म दे रही है। सूचना मिलते ही अविलंब एंबुलेंस की व्यवस्था कर जच्चा एवं बच्चा को सुरक्षित सदर अस्पताल ले जाकर चिकित्सीय सहायता दिलवाई गई। बोकारो पुलिस के इस मानवीय कर्तव्य की सर्वत्र चर्चा हो रही है।

### दांतू में तालाब जिर्णोद्धार कर रहे संवेदक ने कई पेड़ों को कर दिया नष्ट

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के दांतू एनएच किनारे कतारटांड़ सरकारी तालाब का जिर्णोद्धार कार्य कर रहे संवेदक द्वारा कई पेड़ों को गिरा कर नष्ट कर दिया गया है। लेकिन पेटरवार वन प्रमंडल का ध्यान इस ओर नहीं है । स्थानीय कैलाश नायक झरी नायक सिकंदर करमाली सामू कुमार अशोक नायक कृष्ण नायक आदि ग्रामीणों ने बताया कि संवेदक द्वारा शीशम पलास महुआ व बैर आदि के कई पेड़ों को काट कर गिरा दिया गया और तालाब जिर्णोद्धार कार्य जारी है। कई पेड़ों को गिरा मिट्टी भी डाल दिया है। संवेदक को मना करने पर मारने की धमकी देता है।

# उगाही और क्षेत्र को बंगलादेश बनाने की सोच वाले आज सांसद बनने का ख्वाब देख रहा : निशिकांत






बूथ स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते सांसद निशिकांत दूबे एवं उपस्थित कार्यकर्ता।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** बलात्कार का आरोपी, मुखिया से उगाही और क्षेत्र को ग्रेटर बंगलादेश बनाने की सोचने वाला आज सांसद बनने का ख्वाब देख रहा है। उक्त बातें शनिवार को सरैयाहाट में सांसद निशिकांत दूबे ने बूथ स्तरीय कार्यकर्त्ता सम्मेलन के दौरान कही।

उन्होंने कहा की अगर चुनाव के दौरान ही महिला से रेप के आरोपी प्रदीप यादव को जेल जाना पड़ जाये तो किसी को आश्चर्य नहीं होना चाहिए। इतना ही नहीं सांसद ने कहा की एक समय प्रदीप यादव यह कहते थे की क्षेत्र में कोई भी सरकार रेल नहीं ला सकती, हंसडीहा डेयरी कॉलेज के शिलान्यास के समय भी प्रदीप ने कहा था की यहां सिर्फ शिलान्यास होकर रह जायेगा लेकिन आज सभी योजनाएं धरातल पर है। उन्होंने महगामा विधायक दीपिका पांडे के वायरल ऑडियो का जिक्र करते हुए कहा की कांग्रेस की विधायक महिला होते हुए भी एक मुखिया से पच्चिस लाख रुपये की मांग कर रही है।

सांसद ने बताया की फुरकान अंसारी तो क्षेत्र को ग्रेटर बंगलादेश बनाना चाहते है। पूर्व सीएम हेमंत सोरेन का जिक्र करते हुए सांसद ने कहा की उनको सिर्फ मुस्लिम तुष्टिकरण की पड़ी है उनके वजह से आज आदिवासियों की संख्या घट रही है।

इसलिए आज वो जेल में है। अपने कार्यकाल में हुए विकास को गिनाते हुए सांसद ने कहा की चाहे सड़क मार्ग हो या रेल मार्ग, शिक्षा हो या स्वास्थ्य दस वर्षो में जितना विकास सरैयाहाट प्रखंड का हुआ उतना विकास देश के किसी भी हिस्से में नहीं हुआ। सांसद ने बताया की जल्द ही हंसडीहा हॉस्पिटल में एम्स के डॉक्टर बैठेंगे। एम्स की तर्ज पर इस अस्पताल को शुरू किया जायेगा। साथ ही उन्होंने बताया की बिहार की सीमा पर स्थित गादीझोपा को प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम के तहत गोद लेकर विकास किया जायेगा।

गादीझोपा में अलग पुलिस स्टेशन भी बनाया जायेगा। इस अवसर पर विधायक के समर्थक भाजपा का दामन थामा।

# स्कूली बच्चों के बीच एसकेएमयू ने चलाया जागरूकता अभियान



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** आरोग्य भारती जिला दुमका की ओर से सदर प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय चांदोंपानी में स्कूल प्रभारी कमलेश्वर महतो की अध्यक्षता मेंह्ल बाल मानसिक स्वास्थ्यह्ल विषय पर एक कार्यक्रम आयोजित हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एसकेएमयू के मनोविज्ञान स्नाकोत्तर विभागाध्यक्ष सह मेंटल हेल्थ मिशन इंडिया के नोडल ऑफिसर डॉ विनोद कुमार शर्मा ने कहा कि स्वस्थ्य व समृद्ध मनोसामाजिक विकास के लिए बच्चों को सेहदमंद रहना बहुत जरूरी हैं। एक गौरवशाली राष्ट्र के लिए जहां स्वस्थ्य व स्वच्छ सामाजिक व शैक्षणिक वातावरण का होना जरूरी है। बच्चों को अच्छे व्यवहारों व संस्कारों के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। डॉ शर्मा ने इस बात को बतलाया कि कैसे एक व्यक्ति स्वस्थ्य होने से एक परिवार, फिर एक ग्राम और अंत में पूरा राष्ट्र स्वास्थ्य व सुरक्षित होता है। उन्होंने बच्चों से अच्छे व्यवहारों को घर स्कूल दुहराने को कहा। कहा कि कैसे आस-पास स्वच्छ माहौल बनाकर अपने को स्वास्थ्य व निरोग रख सकते है। स्वस्थ्य मन और शरीर रहने से ही बच्चे अपने जीवन लक्ष्य को हासिल कर सकते है। कार्यक्रम में स्वागत संबोधन स्कूल प्रभारी कमलेश्वर महतो ने किया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से हम सब भी लाभ होता है। धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक अमन शर्मा ने किया। इस अवसर पर शिक्षक बाबूधन हांसदा, रूफायल हांसदा सहित अन्य स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

# शहीदी दिवस पर एसकेएमयू के एनएसएस इकाई ने चलाया स्वच्छता और मतदाता जागरूकता अभियान




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** शहीदी दिवस के अवसर पर सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के एनएसएस सेल ने शनिवार को स्वच्छता और मतदाता जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। युवा मामले और खेल मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में 529 स्वयंसेवकों की भागीदारी देखी गई और इनका पंजीकरण किया गया। इस पहल की संकल्पना और कार्यान्वयन एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ धनंजय कुमार मिश्र ने किया। डीएसडब्ल्यू डॉ जैनेंद्र कुमार यादव ने इस अवसर पर अध्यक्ष के रूप में उपस्थित होकर राष्ट्र निर्माण के लिए मतदान के महत्व पर जोर दिया। मुख्य अतिथि वनस्पति विज्ञान के पीजी विभाग के प्रमुख डॉ संजय कुमार सिन्हा, सहायक परीक्षा नियंत्रक डॉ. इंद्रनील मंडल और वर्ष 2023 के लिए सर्वश्रेष्ठ एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी और एनएसएस नोडल अधिकारी से सम्मानित डॉ. भारती प्रसाद कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इकाई-वार प्रतिनिधित्व उल्लेखनीय था। जिसमें इकाई 1, 2, और 3 के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. स्नेहलता मुर्मू, डॉ अजय शुक्ल और डॉ श्वेता मरांडी सक्रिय रूप से भाग लिया। एसपी कॉलेज के विभिन्न इकाइयों से इकाई 1 के डॉ. अनिता चक्रवर्ती, इकाई-2 के डॉ. रूपम कुमारी, इकाई-6 के डॉ. इंद्रजीत कुमार और इकाई-12 रंजीत कुमार दुबे ने अपनी विशेषज्ञता और समर्थन में योगदान दिया। संत जेवियर्स कॉलेज महारो के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ दीपक कोठिरियाल और उनके स्वयंसेवकों की सक्रियता रही। इस अवसर पर डीएसडब्ल्यू डॉ जयनेंद्र कुमार ने देश की निर्माण के लिए मतदान की अनिवार्यता पर जोर दिया। सहायक परीक्षा निदेशक डॉ. इंद्रनील मंडल ने मतदान के संवैधानिक अधिकार पर प्रकाश डाला और छात्रों से अपने ह्लमतदान अधिकारह्ल का जिम्मेदारी से प्रयोग करने का आग्रह किया। राष्ट्र की सेवा के लिए एनएसएस स्वयंसेवकों की सदैव तत्परता पर प्रकाश डालते हुए नोडल कार्यक्रम अधिकारी, देवघर भारती प्रसाद ने उनके समर्पण और प्रतिबद्धता की सराहना की। मंच का संचालन डॉ रूपम कुमारी एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ अनिता चक्रवर्ती ने की। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं वीर शहीद सिदो कान्हू के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया।

# प्रकृति से प्रेम करने का संदेश देता है बाहा पर्व : प्राचार्य



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** एसपी कॉलेज के कांफ्रेंस हॉल में संताली विभाग व आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में बाहा पर्व पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ खिरोधर प्रसाद यादव उपस्थित हुए। कार्यक्रम शुरू होने से पूर्व विभाग के छात्र-छात्राओं के अगुवाई में कॉलेज संस्थाप सह प्रथम सांसद स्व बाबा लाल हेम्ब्रम के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित किया गया। इस अवसर पर संताली रीति-रिवाज के अनुसार अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर नायकी सुनील मुर्मू को साल (सखुवा) फूल भेंट किया गया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण संताली विभागाध्यक्षा डॉ होलिका मरांडी ने प्रस्तुत की। जबकि बाहा पर्व पर विस्तृत प्रकाश प्रो सनातन मुर्मू ने डाला। हिंदी विभाग के प्राध्यापक डॉ यदुवंश प्रणय ने वर्तमान परिप्रेक्ष में बाहा की विशेषता और इसकी महता के साथ-साथ प्राकृतिक प्रेम पर प्रकाश डाला। उन्होंने होली और बाहा की तुलनात्मक व्याख्या करते हुए बाहा को विश्व पटल पर ले जाने का संदेश दिया। मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ यादव ने अपने संबोधन की शुरूआत में संताली विभाग और संताली विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन की सराहना की। उन्होंने कहा कि बाहा संपूर्ण रूप से प्रकृति से जुड़ा हुआ पर्व है। यह हमें भौतिकवाद से प्रकृति की और ले जाता है। बाहा पर्व पुरानी भावनाओं को भूलाकर आपसी भाईचारा के संदेश के साथ-साथ नए जीवन के आगाज करने के प्रेरणा देती है। कार्यक्रम में डॉ कुमार सौरव, प्रो बसंती हांसदा, डॉ किलीस मरांडी, डॉ अनीता राज हेम्ब्रम, डॉ अमिता हेम्ब्रम, डॉ पूजा गुप्ता आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन प्रो निर्मल मुर्मू एवं मंच संचालन आनंद हेंम्ब्रम एवं बैद्यनाथ हांसदा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संताली विभाग के सभी छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# डीसी ने पोस्टल बैलेट कोषांग के कर्मियों के साथ की बैठक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**साहेबगंज।** लोकसभा चुनाव को सफल आयोजन हेतु शनिवार को उपायुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में पोस्टल बैलेट पेपर कोषांग के पदाधिकारी एवं कर्मियों के साथ बैठक का आयोजन हुआ। बैठक उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में की गई। उन्होंने बताया कि जिले में जितने भी मतदाता हैं, जो अपने कार्यो का निर्वहन करते हुए मतदान नहीं कर सकते हैं, उन्हें चिन्हित कर पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान शत प्रतिशत कराना है। पोस्टल बैलेट के नियमों, मुख्य बातों एवं अनिवार्य सेवा से संबंधित जानकारी नोडल पदाधिकारियों को विस्तृत जानकारी दिशा निर्देश के अनुसार जानकारी दी गई। जिससे जिले में मतदाताओं की संख्या में कमी ना हो। मौके पर अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी जयवर्धन कुमार, मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरविंद कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुनीता किस्कू, नगर परिषद प्रशासक सोमा खण्डाईत एवं नोडल पदाधिकारी सम्मिलित हुए।

## राजद से टीकट लेने के लिए प्रत्याशियों की लंबी कतार

**चतरा।** चतरा लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने कालीचरण सिंह को अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया है, जबकि अन्य राजनीतिक दलों ने अभी तक अपने उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। इंडिया गठबंधन से चतरा लोकसभा में अभी तक कोई बात नहीं बन पाई है, लेकिन राजद चतरा और पलामू सीट के लिए लगातार मांग कर रही है। राजद से टिकट लेने के लिए कई नेता केंद्रीय नेतृत्व के पास जमे हुए हैं, जिनमें अरुण कुमार सिंह, प्रेम सिंह, नीलम यादव, कमलेश कुमार यादव, अरुण कुमार यादव, पूर्व सांसद धीरेंद्र अग्रवाल और सुधीर सिंह शामिल हैं।

### आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर सीओ सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ने की बैठक, कहा

# 17 नये बूथ बनाये गए हैं प्रखंड में

खबर मन्त्र संवाददाता




**सतगावां (कोडरमा)।** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर प्रखंड सभागार में शनिवार को सीओ सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ओमप्रकाश बड़ाईक ने प्रखंड में 17 नये बुथों के बीएलओ व बीएलओ सुपरवाइजर तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक में मतदान कार्य की तैयारियों को लेकर वृहत रूप से समीक्षा की गयी, इस दौरान बीडियो ने कहा कि सभी को आचार संहिता का पालन करना और करवाना है। कोई भी सरकारी भवनों में किसी भी राजनीतिक दल का शिलापट्ट, तस्वीर, बैनर पोस्टर आदि लगा हो तो यथाशीघ्र हटाना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं से आगामी लोकसभा चुनाव से सम्बंधित कई दिशा निर्देश दिया गया। वहीं सहायक निर्वाचक निबांन पदाधिकारी ने बताया कि प्रखंड निर्वाचन आयोग द्वारा पूर्व में अनुमोदित मतदान केंद्र संख्या 13 सामुदायिक भवन महथा खैरा भवन की जर्जर अवस्था को देखते हुए स्थल परिवर्तन हेतु प्रस्तावित मतदान केंद्र प्राथमिक विद्यालय खैराकला उत्तरी बनाया गया है। वहीं थाना प्रभारी ने आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई करने की बात कही, साथ ही क्षेत्र में संचालित हो रहे अवैा शराब भट्ठी की जानकारी ली। मौके पर भूअर्जन पदाधिकारी गिरजा शंकर कुमार, बीडियो सौरभ कुमार, थाना प्रभारी विजय गुप्ता, सर्वेश कुमार, कुलदीप पासवान, अजय पंडित, पंचायत सचिव-बालेश्वर यादव, प्रसादी यादव, किशुन यादव प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष विजय सिंह, रामावतार चौधरी, निशांत कुमार, सूरज सिंह यादव उर्फ विनोद यादव, राजेश यादव, धनंजय यादव, तारणी सिंह, गणेश राय बीएलओ-सरिता देवी, अनिता कुमारी, कुशमा देवी आदि मौजूद थे।

## एक नजर में

### भाजपा का संगठनात्मक बैठक संपन्न




खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय चतरा में संगठनात्मक बैठक संपन्न हुई, जिसमें प्रदेश महामंत्री राजसभा सांसद सह चतरा लोकसभा प्रभारी आदित्य प्रसाद साहू, चतरा जिला प्रभारी विनय यस्वाल, चतरा लोकसभा सह संयोजक अशोक शर्मा, जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता, भारतीय जनता पार्टी लोकसभा प्रत्याशी काली चरण सिंह, सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास, चतरा के पूर्व विधायक जनार्दन पासवान, मिथलेश कुमार गुप्ता, अक्ष्यवट पाण्डेय, विनय सिंह, नवीन शाह और जिला के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष गण, मोर्चा के अध्यक्ष गण शामिल रहे। बैठक में लोकसभा चुनाव के लिए आदित्य प्रसाद साहू का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

## डीडीसी की अध्यक्षता में स्वीप कोषांग की बैठक




खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह डीडीसी ऋतुराज की अध्यक्षता में शनिवार को स्वीप कोषांग की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उपस्थित स्वीप कोषांग में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी व कर्मी लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाए जाने पर विस्तृत चर्चा की गई। वहीं डीडीसी ने सप्ताहवार तैयार की गई अनुसूची के अनुसार सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी व कर्मियों को कार्य करने का निर्देश दिया। साथ ही जागरूकता अभियान में सबों की सहभागिता की अपील की। मौके पर स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, डीपीएम जेएसएलपीएस जेवियर एक्का व अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

## जन सुविधा केंद्र आज भी रहेगा खुला, लोग जमा कर पाएंगे टैक्स

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** नगर परिषद क्षेत्र स्थित सभी गृहस्वामियों के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 के होल्डिंग टैक्स जमा करने की अंतिम तिथि 31 मार्च है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के अंतिम दिवस को देखते हुए आमजनों की सुविधाओं को लेकर रविवार को भी जन सुविधा केंद्र खुला रखा गया है। कर दाता अपनी सुविधा अनुसार अपना टैक्स झुमरीतिलैया जन सुविधा केंद्र में जमा कर सकते हैं। वहीं उन्होंने कहा कि आवासीय भवन पर महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों को 5 प्रतिशत की छूट के साथ अपना होल्डिंग टैक्स जमा कर सकते हैं, वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए होल्डिंग टैक्स जमा करने की अंतिम तिथि 31 मार्च 2024 है। वहीं नगर पंचायत प्रशासक कोडरमा शशि शेखर सुमन ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र स्थित सभी गृहस्वामियों को चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 के होल्डिंग टैक्स जमा करने की अंतिम तिथि 31 मार्च 2024 है, वित्तीय वर्ष की अंतिम माह समाप्ति को देखते हुए आमजनों की सुविधा को देखते हुए रविवार को भी जन सुविधा केंद्र खुला रहेगा। कर दाता अपनी सुविधा अनुसार रविवार को भी अपना टैक्स जन सुविधा केंद्र में जमा कर सकते हैं। बताते चलें कि वैसे व्यवसायिक प्रतिष्ठान जिन्होंने अपना ट्रेड लाइसेंस नहीं बनवाया है वो अपने दुकान का लाइसेंस बनवाना सुनिश्चित करेंगे, साथ हीं साथ अपना बकाया जल कर भुगतान करना सुनिचित् करेंगे। वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए होल्डिंग टैक्स जमा करने की अंतिम तिथि 31 मार्च 2024 है।

## रमजान को लेकर बाजारों में बढ़ी रौनक



### खूब हो रही सेवइ की खरीदारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** रमजान माह में प्रखंड से लेकर ग्रामीण इलाकों के चौक चौराहों पर सजी सेवइयों की दुकानें लोगों को आकर्षित कर रही हैं। बाजारों में सेवई खरीदने वाले दिल खोलकर खरीदारी कर रहे हैं। रमजान माह में सेवई खाने की परंपरा होने कारण इसका अलग ही स्थान है। मरकच्चो प्रखंड के बांन चौक, मरकच्चो बाज़ार, ब्लॉक चौक, जामु, नावाडीह 1, महूंगाय, दरदाही, मरकच्चो बाजार में दुकानों पर सेवई खरीदने वालों की भीड़ देखी जा रही है। सेवईं की दुकान लगाने वाले स्थानीय दुकानदारों ने बताया की अब ग्राहक बाहर से आने वाली सेवइयों को ज्यादा पसंद करते हैं एवं पटना, आसनसोल, कानपुर, दिल्ली व वाराणसी से आने वाली सेवई की बाजार में काफी मांग है। बाहर से आने वाली सेवई का स्वाद अच्छा होता है। बनाने का तरीका आसान होने से ग्राहकों की पहली पसंद हैं। खूबसूरत डिब्बों में पैक बनारसी सेवईं 150 रुपये किलो से लेकर 250 रुपये किलो तक बाजारों में उपलब है। लच्छा सेवई 120 रुपये से 400 रुपये तक बिक रही हैं। सेवई कारोबारी ने बताया की जैसे-जैसे ईद नजदीक आ रही है, बाजार में सेवई की बिक्री बढ़ रही है। रमजान में लोग सिर्फ अपने ही इस्तेमाल के लिए नहीं बल्कि अगल बगल व गरीब गुरबों को देने के लिए भी खूब सेवइयां खरीद रहे हैं।

## चतरा की आवाज को भारत की संसद में बुलंद करेंगे: भाजपा प्रत्याशी

खबर मन्त्र संवाददाता



भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह

**चतरा।** चतरा संसदीय क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार कालीचरण सिंह ने कहा कि वह चतरा की आवाज को भारत की संसद में बुलंद करेंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में क्षेत्र की समस्याओं का समाधान करेंगे।उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, बिजली, पीने का साफ पानी, बेरोजगारी, विधि व्यवस्था की समस्याओं और अन्य नाना प्रकार की समस्याओं के समाधान के साथ आम जनता के लिए टोरी रेलवे स्टेशन में ओवर ब्रिज का निर्माण उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि वह ऐसा माहौल निर्माण करेंगे कि संसदीय क्षेत्र के प्रत्येक व्यक्ति को लगेगा कि वह खुद सांसद है। उन्होंने कहा कि चतरा लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा क्षेत्र हैं-चतरा, सिमरिया, लातेहार, पांकी और मनिका - और लगभग 17 लाख मतदाता हैं, जिनकी समस्याओं के समाधान की जिम्मेदारी सांसद के कंधों पर होती है।

उन्होंने कहा कि चतरा जिले की जनता की चिरप्रतिक्षित मांग जिला मुख्यालय सहित जिले को रेलवे से जोड़ने की है, और वह इस सपने को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### कोडरमा लोकसभा से जेबीकेएसएस प्रत्याशी ने किया सतगावां का दौरा

## जो रोजगार की बात करेगा वही कोडरमा पर राज करेगा : मनोज

खबर मन्त्र संवाददाता



**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड के हटिया मैदान में शनिवार को लोकसभा चुनाव को लेकर जेबीकेएसएस का एक महत्वपूर्ण बैठक किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जेबीकेएसएस कोडरमा लोकसभा के उम्मीदवार झारखंड छात्र नेता मनोज यादव उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन निवर्तमान उपाध्यक्ष नगर परिषद झुमरीतिलैया संतोष यादव द्वारा किया गया। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव पर विशेष चर्चा किया गया। जिसमें लोकसभा के उम्मीदवार मनोज यादव को भारी मतों से जिताने के लिए सभी युवाओं ने संकल्प लिया। वहीं मनोज यादव ने कहा कि झारखंड राज्य अलग होने के बाद जितनी भी सरकारें बनी हैं वह सिर्फ झारखंड की जनता को ठगने का काम किया है। झारखंड सरकार राज की जनता को लॉलीपॉप देने का काम किया। खास कर झारखंड के जितने भी छात्र हैं उन सभी छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का काम किया है। झारखंड सरकार राज्य की जनता को साल में दो बार धोती और साड़ी देने का काम किया, जो हमें नहीं चाहिए। हमें रोजगार चाहिए और हमें रोजगार मिलेगा तो साल में दो धोती और साड़ी नहीं मां-बाप को हम दस-दस साड़ी और धोती दे सकते हैं। श्री यादव ने कहा कि अगर हम लोग चुनाव जीत कर संसद जाते हैं, तो झारखंड के छात्रों हित के लिए आवाज बुलंद करेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि कोडरमा लोकसभा चुनाव में बदलाव होगा और जो रोजगार की बात करेगा वहीं कोडरमा पर राज करेगा। बैठक में अजय कुमार, अशोक कुमार, भुनेश्वर कुमार, नवीन कुमार, जितेंद्र कुमार, रणीर कुमार, सत्येंद्र यादव, रंजीत कुमार, मोनू कुमार, सुजीत कुमार, अमित कुमार, सोनू कुमार यादव, अमरजीत कुमार, नीरज कुमार, विनोद कुमार यादव समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## 24 घंटे बाद फिर से खोला मुन्ना भाई के सील अवैध क्लिनिक



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिले के लावालौंग में अवैध रूप से क्लिनिक चलाने और बिना प्रशिक्षण के प्रसव व सर्जरी करने के आरोप में सील किए गए मुन्ना भाई डॉ के क्लिनिक को 24 घंटे के अंदर ही फिर से खोल दिया गया। चिकित्सा प्रभारी डॉ. अशोक करमाली ने अंचलाधिकारी के आदेश पर सील खोले जाने की बात कही, जबकि अंचलाधिकारी सुमित कुमार झा ने मुन्ना भाई के डर से क्लिनिक खोलने की बात स्वीकार की। उन्होंने कहा कि मुन्ना ने रातों-रात सारे सामान दूसरी जगह शिफ्ट कर दिए थे, इसलिए क्लिनिक में कुछ भी नहीं मिला। हालांकि, अंचलाधिकारी ने यह भी कहा कि उन्हें मुन्ना के अवैध कारनामों की जानकारी है और वे गहनता से जांच कर रहे हैं। जल्द ही मुन्ना को नोटिस जारी किया जाएगा क्योंकि उसके पास क्लिनिक चलाने और इलाज करने के लिए कोई भी कागजात या लाइसेंस नहीं है। गौरतलब है कि मुन्ना भाई पहले भी नवजात बच्चों को बेचने और नकली खून चढ़ाने के आरोप में जेल जा चुका है और उसका क्लिनिक भी सील हो चुका है।

## कौलेश्वरी पर्यटक स्थल पर श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** चैत मास की शुरूआत के साथ ही झारखंड के चतरा जिले में स्थित कौलेश्वरी पर्यटक स्थल पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी है। यह स्थल तीन धर्मों - सनातन, बौद्ध और जैन धर्म के लोगों के लिए आस्था का केंद्र है। बुधवार से अब तक करीब बीस हजार श्रद्धालु माता कौलेश्वरी के दर्शन-पूजन के लिए पहुँच चुके हैं। शुक्रवार को करीब पचास बच्चों का उपनयन संस्कार किया गया। इस अवसर पर करीब दस हजार श्रद्धालुओं ने माता के दरबार में मत्था टेका और आशीर्वाद लिया। पारंपरिक ढोल-बाजे के साथ आये श्रद्धालुओं की जत्था उक्त पर्यटक स्थल पर आगमन से विगत तीन दिनों से गुलजार हो रहा है। यह भीड़ अब पूरे चैत मास के अंत तक चलेगा।

## वार्षिक परीक्षा फल वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता




**कोडरमा।** विद्या भारती विद्यालय शिवतारा सरस्वती विद्या मंदिर में शनिवार को वार्षिक परीक्षा फल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में झुमरीतिलैया नगर परिषद प्रशासक हर्षवर्धन उपस्थित थे।

वहीं मुख्य अतिथि एवं प्रधानाचार्य रमेश कुमार उपाध्याय ने माता सरस्वती, ओमकार एवं भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित किया। वहीं मुख्य अतिथि ने विद्यालय के भैया बहनों का परीक्षा फल और कैसे बेहतर हो इस पर प्रकाश डाला। वहीं प्रधानाचार्य ने भी भैया बहनों को अपने पठन-पाठन का स्तर और ऊंचा करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से पढ़ाई करने की नसीहत दी। मौके पर बृजेश कुमार अनल, अरुण कुमार, आनंद कुमार सिंहा, आनंद प्रकाश, बबलू प्रजापति, राजेश्वर सिंह, नागेश चंद्र सिंहा, रविता उपाध्याय, रिंकी सिंह, श्वेता सिंहा, अल्पा कुमारी, सोनम कुमारी, शालू कुमारी, सिद्धि प्रसाद, प्रभात कुमार, उमेश कुमार, रूबिता सिंहा, राजू सिंह, कृष्ण चंद्र कन्हैया, बहादुर साव, दुष्यंत कुमार पांडे, सूरज कुमार सिंह, राकेश कुमार, पूनम, रवि रंजन कुमार, नीतू पांडे, विक्रम कुमार, सुप्रिया कुमारी, प्रियंका समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## कोयला लदे बाइक जप्त दर्जनों गिरफ्तार, भेजा जेल

**चतरा।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस ने बाइक से कोयला तस्करी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। सिमरिया पुलिस ने गुरुवार शाम को एक दर्जन लोगों को कोयला लदे बाइक के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार लोगों में सद्दाम अंसारी, मोहम्मद रजी, मोहम्मद तबारक, मोहम्मद मनोवर, हेमराज भुईया, सिकंदर भुईया, मोहम्मद एजाज अंसारी, मोहम्मद इरफान अंसारी, मोहम्मद सफीक अंसारी, प्रयाग साव, निजाम अंसारी और दीपक कुमार शामिल हैं। टंडवा आम्रपाली से प्रतिदिन एक हजार से अधिक बाइक सवार कोयले की चोरी कर सिमरिया, लावालौंग, प्रतापपुर, हंटरगंज, मयूरहंड, इटखोरी के अलावा बिहार के रानीगंज, इमामगंज, डोभी आदि थाना क्षेत्र के ईट भट्टे पर पहुंचाते हैं।

## जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया।** प्रखंड के सीएम एक्सीलेंट बालिका स्कूल में बाल संरक्षण इकाई के तत्वाधान में सीडब्ल्यूसी द्वारा बाल विवाह प्रतिषेध पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सीडब्ल्यूसी के अध्यक्ष धनंजय तिवारी ने बालिकाओं को बाल हिंसा और बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बाल विवाह एक अवैध अभिशाप है और इससे बचने के लिए समुचित सावधानी बरतनी चाहिए। बाल विवाह एक ऐसी प्रथा है जिसमें न तो बच्चों की भावनाओं का ध्यान रखा जाता है और न ही उनकी मानसिक स्थिति का। इस प्रथा में बच्चे समझौते के शिकार होते हैं और उनकी जिंदगी में अच्छे भविष्य की संभावना समाप्त हो जाती है। बच्चियों को बाल विवाह होने पर सूचना 1098 के साथ सीडब्ल्यूसी, पुलिस, बाल संरक्षण इकाई, चाइल्ड हेल्प लाइन को सूचना देनी चाहिए और उनकी पहचान गुप्त रखी जाएगी। कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य सुरेंद्र कुमार सहित सहायक शिक्षक मौजूद थे।

## सीएच प्लस टू उच्च विद्यालय में खेल कूद सामग्री की चोरी

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** शिक्षा के मंदिर में आसामाजिक तत्वों ने सीएच प्लस टू उच्च विद्यालय में खेल कूद सामग्री कि चोरी कर ली है। इसे लेकर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक मनोज कुमार ने तिलैया थाना में आवेदन दिया है। दिये गये आवेदन में प्रधानायापक श्री कुमार ने बताया की 27 मार्च को होली अवकाश के उपरांत विद्यालय खुलने पर पाया गया कि विद्यालय के खेल-कूद कक्ष का अज्ञात चोरों द्वारा दरवाज़ा तोड़कर कक्ष में रखे सामानों की चोरी कर ली गई है।

## गठबंधन ने कोडरमा लोकसभा संसदीय क्षेत्र से कॉमरेड विनोद सिंह को बनाया उम्मीदवार

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** झारखंड की जनता खास कर युवाओं के बीच विधायक विनोद सिंह 2005 में पहली बार बगोदर से विधायक चुने गए। दूसरी बार 2009 और तीसरी बार 2019 में चुनाव जीते। विनोद सिंह की प्राथमिक शिक्षा अपने गांव खंभरा में हुई, चिरकुंडा से उन्होंने हाई स्कूल पास किया, इंटरमीडिएट पटना से व बीए, एमए की पढ़ाई बीएचयू से की। स्कूली छात्र रहते हुए विनोद सिंह ने झारखंड आंदोलन में भाग लिया, पुलिस की लाठियां खाई और पुलिस हिरासत में भी रहे। विश्वविद्यालय में पढ़ाई के दौरान विनोद सिंह छात्र राजनीति व सांस्कृतिक आंदोलनों में काफी सक्रिय थे। 2005 में पिता महेंद्र सिंह की शहादत के बाद भाकपा माले ने उन्हें बगोदर से उम्मीदवार बनाया, जिसमें उन्होंने जीत दर्ज की। झारखंड में विनोद सिंह की पहचान जनता के सवालों पर मुखर होकर सड़क से सदन तक बेबाक संघर्ष करने वाले नेता की रही है। लंबे समय से प्रवासी मजदूरों के अधिकारों के लिए उन्होंने संघर्ष किया, गठबंधन सरकार ने उनकी बात सुनी और किसी भी तरह के दुर्घटना होने पर परिजनों को मुआवजा देने की गारंटी की गई।

प्रदेश में कहीं भी आम जनता के साथ पुलिस द्वारा दुर्व्यवहार का मामला हो, विनोद सिंह ने इसे गंभीरता से लिया और प्रताड़ित लोगों के साथ खड़े हुए, छात्रों-नौजवानों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व सम्मानजनक रोजगार के लिए खास तौर से जाने जाते हैं, राज्य में मनरेगा घोटाला हो या किसी भी तरह का भ्रष्टाचार के खिलाफ झारखंड के सबसे मुखर आवाज रहे हैं, नेतरहाट फायरिंग के खिलाफ लंबे समय तक चले आंदोलन का जुझारू नेतृत्व देने की इनकी पहचान है, ढिबारा मजदूरों के आंदोलन का नेतृत्व करते हुए धनवार के पूर्व विधायक राजकुमार यादव के साथ विनोद सिंह जेल भी गए।

### ढिबरा मजदूरों के लिए सदन से सड़क तक बेबाकी से इन्होंने आवाज उठाई

कोविड-19 के दौरान जब चारों ओर भय व असुरक्षा का माहौल था, नेता व प्रतिनिधि डर से घरों या हॉस्पिटलों में थे तब विनोद सिंह ने केवल अपने क्षेत्र बल्कि पूरे प्रदेश में सभी लोगों ने सहयोग मांगा उसको गारंटी के साथ मदद पहुंचाई। यहां तक कि दिल्ली, बैंगलोर, चेन्नई, हैदराबाद आदि शहरों में फंसे मजदूरों के लिए भी जरूरी मदद सुनिश्चित करवाया। झारखंड के कोडरमा से इस भाकपा माले के लोकप्रिय नेता को इण्डिया गठबंधन ने अपना उम्मीदवार बनाया है।

## नैतिक मतदान को लेकर दिलाया गया शपथ

**कोडरमा।** स्वीप कोषांग द्वारा जिले का मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी दौरान झुमरीतिलैया के झलपो, दास मोहल्ला में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं व उनके परिवार के सदस्यों को मतदान के महत्व की जानकारी दी गई। साथ ही नैतिक मतदान हेतु शपथ भी दिलाई गई। वहीं मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिले के विभिन्न निजी व सरकारी कार्यालयों/संस्थान में गठित (भीएएफ) वोटर अवेयरनेस फोरम के सदस्यों द्वारा अपने-अपने मोबाइल में वोटर हेल्पलाइन ऐप डाउनलोड किया गया।

## सत्य व अहिंसा के मार्ग पर चलकर टाना भगतों ने देश की आजादी में निभायी थी अहम भूमिकाः वैद्यनाथ राम

# नौ स्वतंत्रता सेनानी टाना भगत गौरव स्मृति महोत्सव का हुआ आयोजन

➲ विधायक वैद्यनाथ राम ने 9 स्वतंत्रता सेनानी टाना भगतो की जीवनी को समाज के लिये बताया प्रेरणास्रोत

➲ कहा शहीद टाना भगतो को मान-सम्मान के साथ सांस्कृतिक पहचान दिलाने का किया जाएगा प्रयास

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** प्रखंड के सुदूरवर्ती डुमारो पंचायत के निंद्रा कारीटांड में शनिवार को नौ स्वतंत्रता सेनानी टाना भगत गौरव स्मृति महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि लातेहार विधायक वैद्यनाथ राम, झामुमो जिला उपाध्यक्ष सितमोहन मुंडा, आजसू प्रदेश संयोजक अमित कुमार, चंदवा पूर्वी जीप सदस्य प्रतिमा देवी के प्रतिनिधि रोहित यादव, मुखिया सुनीता खलखो, पंसस सुनीता देवी, लपरा मुखिया पुतुल देवी समेत कई प्रबुद्धजन मौजूद थे। जिनका टाना भगत समुदाय के लोगो द्वारा पारंपरिक रीति रिवाज में भव्य स्वागत किया गया। इसके पूर्व सर्वप्रथम टाना भगत समुदाय के द्वारा कलश जल यात्रा निकाली गई व टाना भगत स्मारक स्थल पर विधिवत पूजा अर्चना की गयी। वही मुख्य अतिथि वैद्यनाथ राम ने राष्ट्रध्वज को फहराया तत्पश्चात विधायक वैद्यनाथ राम समेत अन्य अतिथियों ने टाना भगतो ने स्मारक स्थल पर नौ स्वतंत्रता सेनानियों भोला टाना भगत, बिरसा टाना भगत, शनि टाना भगत, मकु टाना भगत, साधु टाना भगत, एतवा टाना भगत, ठीबरा टाना भगत, थोलवा टाना भगत व छोटया टाना भगत के प्रतिमा पर माल्यर्पण एवं पुष्प अर्पित किया तत्पश्चात गौरव स्मृति के मौके पर आयोजित जतरा मेला का उद्घाटन वयोवृध्द बिरसा टाना भगत ने फीता काटकर किया। मुखदेव गोप के द्वारा विषय प्रस्तुत कर टाना भगतो के आन्दोलन की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक वैद्यनाथ राम ने कहा की कि देश की आजादी में निन्द्रा के नौ टाना भगत स्वतंत्रता सेनानी का अहम योगदान है। सत्य व अहिंसा के मार्ग पर चलकर टाना भगतो ने देश को आजाद करने में अहम भूमिका निभाई थी। इनकी जीवनी पूरे समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। आगे कहा कि नौ स्वतंत्रता सेनानी टाना भगतो को मान-सम्मान के साथ सांस्कृतिक पहचान दिलाया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान 9 स्वतंत्रता सेनानी टाना भगतो के वंशजो को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवशंकर टाना भगत तथा मुखदेव गोप ने किया। इस मौके प्रमुख पति राजू उरांव, भोला टाना भगत, भुनेश्वर प्रजापति, रंका टाना भगत, शिव शंकर टाना भगत, एतवा टाना भगत, हीरा टाना भगत, सुरेश टाना भगत, रंथि टाना भगत, बुधनी टाना भगत, राजो टाना भगत, अनिता टाना भगत, सुखदेव टाना भगत, बिगले टाना भगत, रंका टाना भगत, राम टाना भगत, चरित्र टाना भगत, लक्षु टाना भगत, भरत टाना भगत, जयमंगल टाना भगत, राजकुमार साहू अंकित पांडेय, बबलू राही, चंद्रमा टाना भगत, रामभजन सिंह, ईश्वर टाना भगत, गंदोरी टाना भगत, रामविलास गोप, चारोराज टाना भगत, रमेश टाना भगत सहित काफी संख्या में टाना भगत समुदाय के लोग उपस्थित थे।


नौ स्वतंत्रता सेनानी स्मारक स्थल पर पुष्प अर्पित करते अतिथि व टाना भगत समुदाय के लोग।


कार्यक्रम के मौके पर शामिल होते विधायक व अन्य अतिथि।

## स्पीड न्यूज

### एपीपीएच के राय ने त्यागपत्र सौंपा


सिविल जज बनने पर बधाई देते अधिवक्ता।

**लातेहार।** जिला अभियोजन कार्यालय में पदस्थापित सहायक लोक अभियोजक हरिंद्र कुमार राय ने अपने पद से त्यागपत्र सौंप दिया है। मालूम हो श्री राय की नियुक्ति सिविल जज जूनियर डिवीजन गोपालगंज बिहार के पद पर होने के बाद उन्होंने सहायक लोक अभियोजक के पद से त्यागपत्र दे दिया है। उन्होंने अपने पद का प्रभार सहायक लोक अभियोजक रविंद्र नाथ चौरसिया को सौंप दिया है। प्रभारी लोक अभियोजक अशोक कुमार दास ने बताया कि श्री राय का त्यागपत्र विभाग को प्रेषित किया जा चुका है। श्री राय के सिविल जज के पद पर नियुक्ति होने से स्थानीय अधिवक्ता संजय कुमार, सुनील कुमार, नवीन कुमार गुप्ता, एजीपी अरविंद कुमार गुप्ता, रमन महतो, अब्दुल सलाम, विवेक कुमार, उपेंद्र कुमार, अमित कुमार गुप्ता आदि ने उनके उज्वल भविष्य की कामना किया है। मालूम हो श्री राय ने गत एक दिसंबर 23 को यहां एपीपी के पद पर योगदान दिया था।

### तीन दिवसीय शिविर का हुआ आयोजन


शिविर में उपस्थित लोग।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड कार्यालय सभागार में पंचायती राज वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हुआ। जिसका विधिवत उद्घाटन बालूमाथ प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव, सिटीजन फाउंडेशन रांची के मास्टर ट्रेनर सत्यानंद शुक्ला, विनीता कुमारी ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। आयोजित शिविर में पहले दिन बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के बालू, रजवार, मासियातु, चेताग एवं झाबर पंचायत के वार्ड सदस्य ने शिविर में भाग लिया। मौके पर ट्रेनर सत्यानंद शुक्ला द्वारा वार्ड सदस्यों को अपना कार्य दायित्व आदि के बारे में बताया कहा कि अगर वार्ड सदस्य अपने दायित्व को जानेंगे तभी वार्ड का विकास होगा एवं लोगों को समृद्ध बनाने का कार्य किया जा सकता है। उन्होंने सभी वार्ड सदस्यों को प्रशिक्षण की उपयोगिता के बारे में जानकारी देते हुए बेहतर ढंग से प्रशिक्षण लेने की बात कही। वही विनीता कुमारी ने कहा कि राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा कई ऐसी योजनाएं चलाई जा रही हैं जिनका लाभ गरीबों को देना है। लेकिन जानकारी के अभाव में वे सभी लाभ नहीं ले पाते हैं। ऐसे में वार्ड सदस्य की भूमिका अहम हो जाती है। मौके पर वार्ड सदस्य राजकिशोर पासवान, सावित्री देवी, शमीम अख्तर, अनीता देवी, सीमा देवी, देवमणि देवी, ललिता देवी, रेणु देवी, सीता देवी, ललन भुइँया, उर्मिला देवी, हीरामणि देवी, रोशन बीबी समेत कई वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

### सहियाओं के लिए प्रशिक्षण का आयोजन


प्रशिक्षण में उपस्थित लोग।

**बारियातू।** प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर बारिखाप मे चंदवा प्रखंड के सभी सहियाओं को आठ दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बीटीटी सह प्रशिक्षक वीरेंद्र कुजूर, देवकांत तिवारी ने बताया की चंदवा प्रखंड के सभी सहियाओं को मानसिक स्नायुतंत्र एंव नशे सम्बंधी विकारों की देख भाल, कान-नाक एंव गले और नेत्र देखभाल, सामान्य आपातकालीन स्थितियों जलने और ट्रामा स्थितियों के पर्वधन एंव मुख की स्वास्थ्य देख भाल पर विशेष रूप से आठ दिन आवासीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वहीं सहिया साथी रेणु देवी, रीता देवी भी अपने अपने कलस्टर सहियाओं को जानकारी देने मे अहम भूमिका निभा रहे हैं। मौके पर काफी संख्या मे सहिया मौजूद थे।

## एसपी अंजनी अंजन के कुशल नेतृत्व में पांच लाख का ईनामी जीनियस नामक माओवादी चढ़ा पुलिस के हत्थे

# लोहरगढ़ा तथा मिरचईया के जंगल से नक्सली को पुलिस ने पकड़ा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने शनिवार को प्रेस वार्ता की। एसपी ने बताया कि डेढ़ बजे रात्री को गुप्त सूचना मिली थी कि भाकपा माओवादी के (रीजनल कमिटि सदस्य) छोटू खेरवार का दस्ता लोहरगढ़ा तथा मिरचईया के जंगल में भ्रमणशील है। जो आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में सुरक्षाबलों एवं पुलिस को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से किसी अप्रिय घटना को कारित करने वाला है तथा इसके संगठन के अन्य लोग भी दस्ता में शामिल है। इस सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु वैंकेटश कुमार अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी बरवाडीह के नेतृत्व मे एक संयुक्त छापामारी दल का गठन किया गया तथा छापामारी दल छापामारी करने हेतु लोहरगढ़ा तथा मिरचईया के जंगल में पहुंची तो पुलिस बल को देखकर दस्ता में शामिल सभी लोग भागने लगे। भागने के क्रम में एक व्यक्ति अपने दस्ता से अलग हो गया जिसे छापामारी दल द्वारा घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर इसने अपना नाम नागेश्वर भोक्ता, उर्फ नागेश्वर गंझू उर्फ नेशनल भुईया उर्फ जीनियस उम्र 28 वर्ष, पिता-स्व. बाजो गंझू उर्फ नवल भुईया पता झीरमतकोमा थाना बारियातू जिला लातेहार बताया। इसके विरुद्ध झारखंड सरकार के द्वारा 5 लाख रूपया का ईनाम भी घोषित है। साथ ही उक्त माओवादी के विरूद्ध विभिन्न थानों में 17 सी.एल.ए., यू.ए.पी.ए. आर्म्स एक्ट से संबंधित कांड दर्ज है, जिसमें नेतरहाट थाना में 01, गारू थाना में 02, बारेसाढ़ थाना में 05 तथा महुआडांड थाना में 03 नक्सली से संबंधित काण्ड दर्ज है। अन्य जिलों में भी नक्सली घटना से संबंधित काण्ड दर्ज होने की संभावना है, जिसे पता किया जा रहा है।


प्रेस वार्ता कर जानकारी देते एसपी।

**छापामारी दल में शामिल पुलिस अधिकारी**

वेंकेटश कुमार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरवाडीह, पुअनि सोनू कुमार थाना प्रभारी गारू, पु.अ.नि. देवेन्द्र कुमार गारू थाना, रंजन कुमार पासवान, अजीत कुमार थाना प्रभारी बारेसाढ़ थाना एवं सैट-01 पुलिस केन्द्र लातेहार, सैट-06 गारू थाना, सैट-02 बारेसाढ़ थाना शामिल थे।

## झारखंड लोकसभा चुनाव में मौर्य वंशियो की अनदेखी, एकजुट हुआ कुशवाहा समाज


यहां 12% वाले को 1 सीट और 1% वाले को चार सीट देती है भाजपाः मुकेश कांत मेहता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** झारखण्ड में लोकसभा चुनाव 2024 में इस बार भाजपा का मिशन 14 का ख्वाब निश्चित रूप से टूटना वाला है। राष्ट्रीय मौर्य सेना ने भाजपा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। मौर्य सेना झारखण्ड के विभिन्न लोकसभा सीटों पर अपना प्रत्याशी उतारने की तैयारी कर ली है। अब तक मौर्य सेना का समर्थन भाजपा को प्राप्त था परंतु हर लोकसभा चुनाव में ओबीसी वर्ग को टिकट से अपेक्षित करने का खामियाजा इस बार भाजपा को भुगतना पड़ सकता है। शनिवार को राष्ट्रीय मौर्य सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष रूपेश मेहता और जिला अध्यक्ष मुकेश कांत मेहता ने बरवाडीह में खबर मंत्र के साथ बातचीत की। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ओबीसी को सिर्फ वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करती हैं। झारखण्ड की स्थिति इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। यहां 12% वाले को 1 सीट और 1 % वाले को चार सीट दिया जाता रहा है, जो हम ओबीसी समाज के साथ अन्याय हैं। उन्होंने बताया कि बिहार और झारखंड में कुल 54 लोकसभा सीटों में एक भी मौर्यवंशी को भाजपा ने टिकट न देकर अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारने का काम किया है। अगर समय रहते भारतीय जनता पार्टी का शीर्ष नेतृत्व बिहार राज्य में मौर्य समाज से कम से कम पांच और झारखंड राज्य में कम से कम दो से तीन सीटें नहीं देती है तो राष्ट्रीय मौर्य सेना 2024 चुनाव में इस तानाशाही के खिलाफ आर पार की लड़ाई लड़ेगा और इसका खामियाजा भारतीय जनता पार्टी को भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय मौर्य सेना ने झारखण्ड में सभी सीटों पर स्थानीय प्रत्याशी उतारने का एलान कर दिया हैं। इस मौके पर राष्ट्रीय मौर्य सेना के महासचिव रवि रंजन मेहता, महामंत्री नंदकिशोर मेहता, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लव मेहता, नागेंद्र मेहता, दिलीप मेहता, सुभाष मेहता और चंदन मेहता समेत कई मौर्य वंशी उपस्थित थे।

## विडंबना : पलामू प्रमंडल वासियों के लिए सपना बनकर रह गई है संथाल के लिए रेल

➲ पलामू प्रमंडल को संथाल से जोड़ने वाली एक भी ट्रेन नहीं होने से लोगों में नाराजगी

**दीपक राज**

**बरवाडीह।** रेलवे नेटवर्क दुनिया में ट्रांसपोर्टेशन का सबसे पुराना तरीका है। कई देशों और राज्यों में फास्ट ट्रेनों से लेकर बुलेट ट्रेन तक दौड़ने लगी हैं। आजादी बाद जहां देश के हर राज्यों में रेल परियोजनाओं का विस्तार हुआ। जिससे आवागमन सुलभ हुआ। लेकिन आज भी कई ऐसे बड़े जिले है जो बुनियादी जरूरतों के लिए तरस रहें है। हम बता दें कि झारखण्ड राज्य को बिहार से अलग हुए 22 वर्ष हो गए पर राज्य के पलामू प्रमंडल को संथाल परगना से जोड़ने वाली रेल परियोजना को लेकर कोई भी विकास नहीं हुआ। इसका मुख्य कारण है कि पलामू प्रमंडल के नेताओं यहां तक की सांसदो ने भी इसके लिए कभी सार्थक प्रयास भी नहीं किया। जबकि राज्य के इन दोनों प्रमंडल अंतर्गत हजारों ऐसे सरकारी कर्मचारी है। जिन्हें अपने गृह क्षेत्र आवागमन के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं। वहीं प्रतिदिन हजारों लोगों का आवागमन भी इन दोनों प्रमंडल में होता रहता हैं। लेकिन पलामू प्रमंडल से संथाल के लिए ट्रेन नहीं होने के कारण यात्रियों को इधर-उधर भटकना पड़ता है। लोगों की माने तो अब तक पलामू प्रमंडल को एक भी ऐसा नेता नहीं मिला है, जो बुनियादी सुविधाओं के लिए सदन में लोगों की आवाज को बुलंद कर सके। हालांकि आजादी के बाद से अब तक हर चुनाव में रेल का मुद्दा उठता रहा है। कई सांसद रेल का वादा कर संसद का तो सफर तय कर गए, लेकिन चुनाव जीतने के बाद भी वे पलामू प्रमंडल की आवाम को रेल मार्ग से संथाल का सफर नहीं करा पाए। अगर सांसदो ने इसके लिए सकारात्मक प्रयास किया होता तो एक प्रमंडल को दूसरे प्रमंडल में जोड़ने के रेल का मार्ग प्रशस्त हो सकता था। बता दें कि पलामू प्रमंडल में तीन जिले शामिल है, जिनमें लातेहार गढ़वा और पलामू है। जबकि संथाल परगना प्रमंडल में छह जिले हैं। जिनमें गोड्डा, देवघर, दुमका, जामताड़ा, साहिबगंज और पाकुड़ है। अगर इन दोनों प्रमंडल को रेल नेटवर्क से जोड़ दिया जाए तो आवागमन सुलभ तो होगा ही काफी हद तक बेरोजगारी भी दूर होगी।



बरवाडीह रेलवे स्टेशन।

## एक नजर में

### आगामी लोकसभा चुनाव में चतरा लोकसभा से निर्दलीय प्रत्याशी होंगे छात्र नेता पप्पू यादव


पप्पू यादव।

**बालूमाथ।** आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए बालूमाथ के छात्र नेता पप्पू यादव ने चतरा लोकसभा से निर्दलीय चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि चतरा लोकसभा में यदुवंशी समाज की 20% जनसंख्या है। यदुवंशी समाज अपने इतिहास को भूलकर सिर्फ और सिर्फ राजनीतिक पार्टियों का बोरा, झोला और दरी बिछाने का काम किया है। जिसे हम बर्दास्त नही कर सकते। उन्होंने आगे बताया कि तमाम यदुवंशी समाज के बुद्धिजीवियों और समाजसेवियों एवं हजारों छात्रों से विचार विमर्श करने के बाद यह निर्णय लिया। साथ ही उन्होंने कहा की चतरा लोकसभा में हमेशा बाहरी लोगों का राज रहा है। यहां के लोगों को सिर्फ और सिर्फ छलावा मिला है। चतरा में आज तक रेल लाइन नहीं पहुंची है। पुराने सांसदों के राज में बालूमाथ में सिर्फ मालगाड़ी से कोयला ढुलाई के लिए रेल लाइन तो बना दिया गया। लेकिन यहां के लोगों को जन भावना को दरकिनार करते हुए आज तक पैसेंजर ट्रेन नहीं चलाया गया। क्षेत्र में गरीबी व्याप्त है एक भी प्लांट चतरा लोकसभा में नहीं है यहां के लोग पलायन को मजबूर हैं।

### महुआ चुनने का समय आते ही जंगलों में लगायी जा रही है आग, रोकथाम में विभाग असफल


जंगल में लगाया गया आग।

**चंदवा।** महुआ चुनने का सीजन शुरू होते हीं प्रखण्ड के जंगलों से सटे ग्रामीण इलाकों में ग्रामीणों ने द्वारा जंगलों में महुआ पेड़ के आसपास सफाई करने ने नियत से लगातार आग लगाया जा रहा है। जिससे वन पर्यावरण को क्षति पहुंच ही रही है साथ जंगली औषधीय पौधों का भी नाश हो जा रहा है। प्रखण्ड के विभिन्न क्षेत्रों से लगातार जंगलों में आग लगाए जाने की बात सामने आ रही है। वहीं वन विभाग सब कुछ जानने के बाद भी इस पर रोकथाम करने में विफल साबित हो रही है। लोगो की मांग है कि महुआ के सीजन में वनों में आग नही लगाया जाए इसको लेकर वन विभाग को जागरूकता अभियान चलानी चाहिये ताकि लोग ऐसा करने से बाज आये। रेंजर एनके मेहता ने पूछे जाने पर बताया कि विभाग के द्वारा गांव-गांव में ग्रामीणों के साथ बैठक कर जंगलों में आग नही लगाने को लेकर जागरूक किया जा रहा है साथ ही जागरूकता वाहन चल रहा है। आगे नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी लोगो को जागरूक किया जाएगा।

### वार्ड सदस्यों का प्रारंभिक प्रशिक्षण संपन्न

➲ अंतिम सत्र में अलौदिया, जमीरा, डुमारो व चकला के वार्ड सदस्यों को दिया गया प्रारंभिक प्रशिक्षण



**चंदवा।** चंदवा प्रखंड के सभी 17 पंचायत के वार्ड सदस्यों का प्रारंभिक प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हो गया। प्रशिक्षण के अंतिम सत्र में अलौदिया, जमीरा, डुमारो व चकला के वार्ड सदस्यों को प्रखंड कार्यालय सभागार में आयोजित वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय प्रारंभिक प्रशिक्षक दिया गया। प्रखंड स्तर पर तीन दिनों तक चले प्रशिक्षण कार्यक्रम में बीडीओ चंदन प्रसाद, पीएसओ अजित राम, मास्टर ट्रेनर सत्यानंद शुक्ला, विनीता कुमारी व पंचायती राज प्रखंड समन्वयक रितेश कुमार के द्वारा वार्ड सदस्यों को पंचायत से संबंधित अलग-अलग विषयों पर जानकारी दी गई व वार्ड सदस्यों को दायित्व एवं कर्तव्यों का बोध कराते हुए सरकार की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षक पंचायत राज अधिनियम का संक्षिप्त परिचय, कार्य एवं दायित्व, ग्राम पंचायत की स्थायी समितियां व गठन एवं कार्य, प्रखंड पंचायत विकास योजना का उद्देश्य, प्रक्रिया एवं महत्व, त्रिस्तरीय पंचायत राज संस्थाओं का शुद्धिकरण, अर्थ आवश्यकता, महत्व, ग्राम पंचायत की स्थायी समितियां व गठन एवं कार्य, प्रखंड पंचायत विकास योजना का उद्देश्य, प्रक्रिया एवं महत्व, स्वशासित इकाईयों के रूप में पंचायत की विशेषताएं एवं आपदा प्रबंधन की विस्तृत जानकारी, निधि का श्रोत, पंचायत समिति के कार्यों का आवंटन एवं दायरा, लेखा संधारण एवं वित्तीय प्रबंधन के बारे में बिन्दुवार जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में दर्जनों वार्ड सदस्य शामिल थे।

### इस वर्ष बालूमाथ में नहीं निकलेगी रामनवमी शोभायात्रा


बैठक करते लोग।

**बालूमाथ।** भव्यता के लिए प्रसिद्ध पूरे जिले में प्रसिद्ध बालूमाथ की रामनवमी का जुलूस इस वर्ष नहीं निकाला जाएगा। महावीर मंडल बालूमाथ रामनवमी पूजा समिति, टमटम टोला, रामनवमी पूजा समिति बड़का बालूमाथ रामनवमी पूजा समिति, मुरपा मोड़ रामनवमी पूजा समिति, चट्टी टोला रामनवमी समिति समेत कई अखाड़ा के सदस्यों की संयुक्त रूप से बालूमाथ महावीर मंदिर परिसर में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पिछले 15 वर्षों से लगातार बालूमाथ प्रखंड स्तरीय महावीर मंडल रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद साहू की हत्या अपराधियों द्वारा विगत कुछ महीना पूर्व कर दिया गया था। जिससे समाज को अपूरणीय क्षति हुई। उनके शोक में इस वर्ष रामनवमी पूजा समिति द्वारा किसी भी प्रकार का जुलूस नहीं निकाला जाएगा। लोगों ने निर्णय लिया कि परंपरा के अनुसार अपने-अपने घरों में सिर्फ विधिवत्त पूजा अर्चना की जाएगी। इस निर्णय के लिए अखाड़ा कमिटी के लोगो ने दो दिनों में दो बार बैठक के बाद सारे बिंदुओं पर चर्चा करते हुए लोगों ने कहा कि राजेंद्र प्रसाद साहू की हत्या हिंदू धर्म के लिए बहुत बड़ा छती है। यह झांकी प्रदर्शन सिर्फ इस वर्ष के लिए रोका गया है। अगले वर्ष परम्परा के मुताबिक सभी प्रदर्शन जारी रहेगा। ज्ञात हो कि दर्जनों अखाड़ा के लोग पहुंचकर भव्य झांकी एवं कला का प्रदर्शन करते थे। जहां लगभग पचास हजार लोग इस झांकी एवं प्रदर्शन में भाग लेने एवं देखने के लिए भीड़ उमड़ती थी। बालूमाथ का रामनवमी का जुलूस पूरे जिले में सबसे बड़ा भव्य जुलूस व झांकी के रूप में प्रसिद्ध है। इस बैठक में अर्जुन कुमार, प्रज्ञा साहू, सिकंदर साहू, राजू कुमार, दिवाकर प्रसाद, प्रेम प्रसाद गुप्ता, अरुण साहू, रामकुमार गुप्ता, पप्पू विश्वकर्मा, राम दर्शन तिवारी, रंजीत गुप्ता, नामेश्वर गुप्ता, मनोहर प्रसाद गुप्ता, वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता, पंचानंद पांडे, महेश्वर साव, रूप देव साहू, राजेश पांडे, रोशन प्रसाद गुप्ता, अमित कुमार गुप्ता, बहादुर साव, राजेंद्र चावल, सुनील कुमार साहू, शशि भूषण गुप्ता, सत्येंद्र कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की वार्षिक परीक्षा सत्र 2023-24 के परीक्षाफल का हुआ प्रकाशन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की वार्षिक परीक्षा 2023-24 का परीक्षाफल प्रकाशित किया गया। परीक्षाफल सार्वजनिक करने के पूर्व दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे अध्यक्ष किशोर प्रसाद द्वारा कक्षा अरुण से सप्तम तक में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को प्रगति पत्र एवं पुरस्कार देकर उन्हें सम्मानित किया गया।

कक्षा अरुण में प्रथम स्थान अर्पित कुमार द्वितीय विवान कुमार तृतीय सूरज कुमार कक्षा उदय में प्रथम स्थान कोमल कुमारी द्वितीय अर्पित राज तृतीय कश्यप प्रसाद कक्षा प्रथम में प्रथम स्थान दिव्या कुमारी, द्वितीय स्थान शौर्य कुमार गुप्ता, तृतीय दिव्या सिन्हा, कक्षा द्वितीय में प्रथम स्थान लक्ष्मी प्रिया द्वितीय प्रियांशु कुमार तृतीय विजय कुमार कक्षा तृतीय में प्रथम स्थान प्रिंस कुमार द्वितीय स्थान निगम कुमार तृतीय श्रेयांश कुमार कक्षा चतुर्थ में प्रथम स्थान अनु कुमारी द्वितीय नितिन कुमार तृतीय परिधि कुमारी कक्षा पंचम में प्रथम स्थान चाहत कुमारी द्वितीय अंशु कुमारी तृतीय शौर्य राज कक्षा षष्ठ में प्रथम स्थान सचिन राज द्वितीय स्थान आराध्या कुमारी तृतीय स्थान अनुराग कुमार कक्षा सप्तम में प्रथम स्थान आयुष कुमार द्वितीय स्थान सत्यम कुमार तृतीय स्थान प्रियांशी राज ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य जीतेन्द्र राम ने अध्यनरत छात्र-छात्रों को बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

उन्होंने कहा आप सभी लक्ष्य को निर्धारित करके पढ़ाई करें आपको सफलता अवश्य मिलेगी। सतत प्रयास लग्न एवं परिश्रम से करने पर जीवन के हर क्षेत्र में सफल होंगे। कार्यक्रम में सभी छात्र छात्रा एवं आचार्य परिवार उपस्थित थे।

## खबर का असर

## पठान टोला में खराब पड़ी जलमिनार का बदला गया मोटर

# लोगों में हर्ष का माहौल, रोजेदारों ने खबर मंत्र का जताया आभार

**शनिवार को खबर मंत्र में प्रमुखता से प्रकाशित की गई थी खबर**


लोगों के घरों में पहुंचा पानी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** जलमीनार खराब होने से रोजेदारों को हो रही परेशानी, नामक शीर्षक से शनिवार को खबर मंत्र में प्रमुखता से खबर प्रकाशित किए जाने के बाद विभाग हरकत में आया। जिसके बाद तत्काल खराब पड़े जलमिनार को दुरुस्त करवा दिया गया है। जलमिनार के बन जाने से पठान टोला के लोगों में हर्ष का माहौल देखा गया। वहीं रोजेदारों ने खबर मंत्र का आभार जताया है। इधर जानकारी देते हुए पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सहायक अभियंता प्रशांत कुमार पाण्डेय ने बताया कि जलमिनार के खराब होने की सूचना मिलने पर संवेदक को तत्काल इसे दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया था। लेकिन जांचोपरांत मोटर खराब होने की जानकारी मिली थी। संवेदक ने बताया कि होली में मिस्त्री छुट्टी पर गया हुआ था जिस कारण विलंब हुआ। शनिवार को खराब पड़े मोटर को बदल कर जलमीनार को ठीक कर दिया गया है और अब सभी घरों में पानी पहुंच रहा है। श्री पाण्डेय ने बताया कि मोटर को बोरिंग की स्थिति को देखते हुए उसकी गहराई पर फिट किया जाता है, ताकि हर घर में समुचित रूप से पानी की आपूर्ति की जा सके। बताया कि कई जगहों पर शिकायत मिल रही है कि लोग पानी का दुरुपयोग कर रहे है, जैसे कि नए मकान के निर्माण कार्य और खेतो में पटाने के लिए दिन भर नल में पाइप लगाकर छोड़ दिया जा रहा है। जिससे कि स्थिति गंभीर हो जा रही है, और मोटर खराब होने की संभावना बढ़ रही है। उधर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के जिला कार्यपालक अभियंता दीपक कुमार महतो ने गर्मी के मौसम में उत्पन्न होने वाली पेयजल की समस्या को देखते हुए आमजनों से अपील किया है कि वह पानी का दुरुपयोग नहीं करें ताकि हर घर को आवश्यकतानुसार पानी पहुंचाने में कोई परेशानी न हो।

## भाजपा से राजधानी यादव को प्रत्याशी बनाने की मांग की


मांग करते कार्यकर्ता।

**लातेहार।** लातेहार के आम जनता एवं कार्यकताओं ने विभिन्न-विभिन्न बूथों पर बैठक कर भाजपा के समर्पित पुराने वरिष्ठ नेता राजधानी यादव को भाजपा से प्रत्याशी बनाने की मांग की है। कार्यकर्ताओं एवं जनता ने कहा कि राजधानी यादव हम सबों के हर सुख-दुख में साथ रहते हैं। हमारी सहायता करते हैं ऐसे जन नेता को अगर भाजपा प्रत्याशी बनाती है तो हम सभी खुले दिल से इन्हें जिताने का काम करेंगे।

